भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 10 मई - 16 मई, 2023

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

वैशाख, पक्ष - कृष्ण, तिथि - पंचमी, संवत 2080 पृष्ठ : 8+2 बुधवार वर्ष-9, अंक-11, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-



## जागरूक खबरें

### ट्रेनों में जोड़े अतिरिक्त कोच

**जागरूक जनता @ जयपुर।** ट्रेनों में बढ़ रहे यात्री भार के कारण रेलवे ने 40 जोड़ी ट्रेन में अतिरिक्त कोच जोड़े हैं। जिससे यात्रियों को कंफर्म टिकट मिल सकेंगे। रेलवे ने साबरमती- दौलतपुर चौक, जम्मू तवी-जोधपुर, अहमदाबाद, जोधपुर-दिल्ली, जोधपुर- बांद्रा, बीकानेर- दिल्ली सराय, जम्मू तवी, इंदौर- बीकानेर ट्रेन समेत 40 जोड़ी ट्रेन में शयनयान श्रेणी में अतिरिक्त कोच जोड़े हैं।

### 17 तक होगा प्रविष्टियों में ऑनलाइन संशोधन

**जागरूक जनता @ जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक नगर नियोजक (नगर नियोजन विभाग) भर्ती-2022 के तहत अभ्यर्थियों को प्रविष्टियों में ऑनलाइन संशोधन का अवसर दिया गया है। अभ्यर्थी 17 मई तक संशोधन कर सकेंगे। संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि परीक्षा 16 जून को होगी। परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को संशोधन का अवसर दिया जा रहा है। अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्मतिथि व जेंडर के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑनलाइन किए जा सकेंगे।

### भागवत 13 से

**जागरूक जनता @ जयपुर।** गोविंददेव जी मंदिर में 13 मई से भागवत कथा की शुरुआत होगी। कथावाचक संजय गोस्वामी सुबह 8.30 बजे और शाम 7 बजे से भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का वाचन करेंगे। पहले दिन भागवत का महात्म्य बताया जाएगा। सजीव झांकियां भी सजाई जाएंगी।

### राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट का तीसरा संस्करण 14 से

**जागरूक जनता @ जयपुर।** राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अनुकूल पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) 2023 जयपुर में 14 से 16 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। आरडीटीएम के तीसरे संस्करण का आयोजन पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म इन राजस्थान (एफएचटीआर) द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

### द केरला स्टोरी को टैक्स फ्री करने की मांग, सरकार को पत्र

**जागरूक जनता @ जयपुर।** हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द केरला स्टोरी को राज्य में टैक्स फ्री करने की मांग उठने लगी है। जयपुर नगर निगम ग्रेटर के उप महापौर पुनीत कर्णावट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर इस मूवी को टैक्स फ्री करने की मांग की है। आतंकी संगठनों के गलत इरादों की सच्ची कहानी बताने वाली मूवी बताते हुए इसे युवाओं के भविष्य के लिए अच्छा बताया है। हालांकि इस मूवी को विवादित बताते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने इस पर राज्य में प्रदर्शन पर बैन लगा दिया है। उपमहापौर ने पत्र में लिखा कि ये मूवी ऐसी तीन नौजवान नवयुवतियों के जीवन में सच्ची घटनाओं पर आधारित है। इसमें उन्हें आईएसआईएस जैसे आतंकी संगठन ब्रेन वॉश करके आतंकवादियों के कैंप सीरिया लेकर जाते है और उन पर भयानक तरीके से अत्याचार किया जाता है।

# वंदे भारत ट्रेनः जयपुर से जाने में 48% और आने में 71 फीसदी यात्रीभार

**शेड्यूल और किराया बने बड़ी परेशानी, यही स्थिति रही तो विजन नहीं हो पायेगा पूरा, राजनीतिक दबाव ने जयपुर नहीं अजमेर से करवाया शुरू**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रेलवे द्वारा 24 दिन पहले शुरू की गई अजमेर से दिल्ली कैंट के बीच वंदे भारत ट्रेन यात्रियों के बीच लोकप्रिय नहीं बन सकी। इसके पीछे किराए के अलावा भी कई कारण हैं, जिसमें समय रहते अगर सुधार नहीं किया गया, तो जिस विजन के साथ ट्रेन को चलाया गया है, वह पूरा नहीं हो पाएगा। हालांकि ट्रेन पीक सीजन में तो खाली नहीं दौड़ेगी, क्योंकि दिल्ली या इसके आगे कनेक्टिंग ट्रेन पकड़ने के लिए ये एक वैकल्पिक ट्रेन है। ऐसा इसलिए क्योंकि करीब 55% यात्री ट्रेन में टिकट बुकिंग तभी करते हैं, जब उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं होता। रेलवे के एक



वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जयपुर-दिल्ली रूट पर ट्रेन दबाव बहुत अधिक है। ऐसे में इस ट्रेन के शेड्यूल में भी बदलाव करना भी एक बड़ी चुनौती है।

### ऐनवक्त पर स्टेशन बदलना रहा घाटे का सौदा

**ट्रेन** को पहले 12 अप्रैल से जयपुर से नई दिल्ली के ही चलाया जाना था। लेकिन संचालन से दो दिन पहले इसे पॉलिटिकल दबाव के चलते अजमेर से चलाया गया। ऐसे में ट्रेन की बुकिंग प्रोफाइल को जयपुर की बजाय अजमेर से बनाया गया। उधर शुरुआती समय में ट्रेन को 160 किमी प्रति घंटे (केएमपीएच) की बजाय अधिकतम 110 केएमपीएच से ही दौड़ाया जा सकता था, तो इसके गंतव्य स्टेशन को नई दिल्ली से बदलकर दिल्ली कैंट कर दिया गया। ताकि ट्रेन को 5 घंटे में संचालित किया जा सके। गौरतलब है कि ट्रेन अजमेर से सुबह 6:20 बजे रवाना होकर 7:50 बजे जयपुर और 11:35 बजे दिल्ली कैंट पहुंचती है। उधर रिजर्वेशन एक्सपर्ट अजय कश्मीरी बताते हैं कि ट्रेन में पीक सीजन में दिल्ली जाने और आने के लिए यात्रीभार अच्छा रहेगा। दिल्ली से आते समय करीब 22% यात्री खाना नहीं लेते हैं, इससे उन्हें 110 से 280 रु किराया कम देना पड़ता है। वहीं जयपुर से कई स्टेशनों के लिए सीधी ट्रेन नहीं हैं। ऐसे में यात्रियों को आगे कनेक्टिंग ट्रेन पकड़ने के लिए दिल्ली या आगरा जाना पड़ता है। हालांकि रेलवे के नियमानुसार ट्रेन में बुकिंग 40% से अधिक है, इसलिए ट्रेन संचालन घाटे में नहीं है। गांधीनगर नहीं रुकने से 75% यात्रीभार तो वैसे कम हुआ, अजमेर से भी दिल्ली महज 18% यात्रीः ट्रेन ऑपरेशन एक्सपर्ट डीपी मिश्रा ने बताया कि ट्रेन को 6 घंटे से कम समय में दिल्ली पहुंचाना तय किया गया। ऐसे में रेलवे बोर्ड का दबाव था कि इसके रनिंग टाइम को कम किया जाए।

# जयपुर जिले में जारी हुए 25 लाख से ज्यादा गारंटी कार्ड

**जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने किया कैंप का औचक निरीक्षण**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net


**जयपुर।** जयपुर जिले में महंगाई राहत कैंपों में रोजाना लाखों लोग अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। कैंपों में तेज गर्मी के बावजूद लंबी कतारें देखी जा रही हैं। विगत 16 दिनों में 25 लाख 59 हजार से ज्यादा गारंटी कार्ड जारी किये जा चुके हैं। जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित स्वयं पूरे आयोजित की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने सांगानेर, जगतपुरा एवं चिंकारा कैंटीन के पास आयोजित महंगाई राहत कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद लाभार्थियों से संवाद किया और कैंप का फीडबैक लिया। कलक्टर ने अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश भी दिये।

### अब तक 25 लाख से ज्यादा मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड जारी

कलक्टर ने बताया कि महंगाई राहत कैंप 24 अप्रैल को शुरू हुए थे जिसके बाद अब तक कुल 25 लाख 59 हजार 875 गारंटी कार्ड जारी किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत 3 लाख 89 हजार 385, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 5 लाख 10 हजार 338, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 5 लाख 10 हजार 338, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 38,383, मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना में 4,49,889 लाभार्थियों को गारंटी कार्ड जारी हुए हैं। वहीं, महंगाई राहत कैंप में इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 1,34,694, मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना में 2,13,570, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 2 लाख 7 हजार 94, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 85,32, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 21,152 लाभार्थियों ने पंजीकरण करवाया है।

### मंगलवार को वितरित किये गए 1 लाख 89 हजार से ज्यादा गारंटी कार्ड

उन्होंने बताया कि मंगलवार को 1 लाख 89,630 गारंटी कार्ड जारी किये गए। जिसमें से मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत 27,114, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 36 हजार 444, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 36 हजार 444, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 2,797 के अलावा अन्य योजनाओं में लाभार्थियों ने पंजीकरण करवाया है।



**जागरूक जनता @ जयपुर।** जल महल की पाल पर बने सुंदरता के लिए दरवाजे पर टूट-फूट का साया। यहां पर पर्यटकों को यह टूटी कुर्सी जयपुर की भव्यता सुंदरता का परिचय करवाती है। @ **अमित काला**

# 6 दिवसीय एसयूपीडब्ल्यू कैंप - 2023 का शुभारम्भ

**जागरूक जनता @ जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी कॉलेज ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट कालवाड़ महाविद्यालय में 6 दिवसीय एसयूपीडब्लू कैंप - 2023 का शुभारम्भ किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि बियानी ग्रुप ऑफ़ कॉलेज की असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ प्रियंका बियानी, असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ राधिका बियानी और प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस 6 दिवसीय एसयूपीडब्लू कैंप के प्रथम दिन विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में पौधारोपण और साफ-सफाई का कार्य किया व दूसरे दिन कालवाड़ और पचार में विद्यार्थियों द्वारा एजुकेशन सर्वे किया गया।



# सिटी पैलेस में पहली बार छात्र सीखेंगे ब्लूपॉटरी आर्ट

**18 मई से शुरू होगा सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर, विशेषज्ञ होंगे रूबरू**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय, पारम्परिक कलाओं की प्रतिनिधि संस्था रंगरीत व सरस्वती कला केंद्र के तत्वावधान में 18 मई से सिटी पैलेस में सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। संग्रहालय के अध्यक्ष सवाई पद्मनाभ सिंह ने बताया कि युवाओं को हमारी विशाल और समृद्ध पारंपरिक कलाओं की बारीकियों से रू-ब-रू कराने के उद्देश्य से यह सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है, जिसमें गत 25 वर्षों से विभिन्न कलाओं को सिखाया जा रहा है।

इस बार विद्यार्थियों का परिचय प्राचीन आराइश (फ्रेस्को) कला से कराया जाएगा। इसके अलावा पहली बार ब्लू पॉटरी कला का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। ब्लू पॉटरी जयपुर की प्रसिद्ध आर्ट है, जो दुनियाभर में पहचान रखती है। इसके विशेषज्ञ शिल्पगुरु गोपाल सैनी इस विधा की जानकारी देंगे।

शिविर में पारंपरिक चित्रकला का प्रशिक्षण रामू रामदेव, आराइश (फ्रेस्को) का डॉ. नाथूलाल वर्मा, कथक एवं लोकनृत्य का डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी, बांसुरी का आर.डी. गौड़, रंगोली एवं मांडना का लक्ष्मीनारायण कुमावत और केलीग्राफी का प्रशिक्षण अशोक के निर्देशन में दिया जाएगा। रामू रामदेव ने बताया शिविर निःशुल्क रहेगा। एक माह तक चलने वाले सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए प्रशिक्षणार्थी आज से रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

**जेसीटीएसएल की बसों में शुरू होगा कार्ड का सिस्टम**

# स्टूडेंट्स के लिए बनेंगे लूप कार्ड

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर में संचालित लो फ्लोर बसों में अब स्टूडेंट्स के लिए जेसीटीएसएल लूप कार्ड जारी करेगी। ये एक तरह का प्री-पेड कार्ड होगा, जिसके जरिए स्टूडेंट्स कंसेशन रेट पर बसों में सफर कर सकेंगे। शुरूआत में ये 20 हजार स्टूडेंट्स के लिए जारी किया जाएगा और बाद में इसे बढ़ाया जाएगा।

जयपुर में जेसीटीएसएल की 200 से ज्यादा लो फ्लोर और मिड्डी बसें संचालित है। इसमें 10 रुपए से लेकर 70 रुपए अधिकतम किराया रूट के अनुसार लगता है। इन बसों में स्टूडेंट्स को सरकार किराये में 50 फीसदी की छूट दी जाती है। ये छूट केवल नॉन एसी बसों में दी जाती है। वर्तमान में जो स्टूडेंट्स बसों में सफर करते है उन्हें मौके पर ही छूट दी जाती है। लेकिन इस दौरान ये पता नहीं रहता कि कौन स्टूडेंट है और कौन नहीं?



### कार्ड के जरिए मिलेगी छूट

सूत्रों के मुताबिक अब जेसीटीएसएल केवल उन्हीं स्टूडेंट्स को छूट देगा, जिनका कार्ड कंपनी की तरफ से बना होगा। इस कार्ड को बनाने के लिए कंपनी ने बैंकों से ऑनलाइन एप्लीकेशन मांगी है। शुरूआत में 20 हजार कार्ड बनाने की तैयारी है, लेकिन बाद में स्टूडेंट्स ज्यादा आने पर इसे बढ़ा दिया जाएगा।

### सीनियर सिटीजन को 30 फीसदी की छूट

जेसीटीएसएल कंपनी की ओर से स्टूडेंट्स के अलावा सीनियर सिटीजन और महिलाओं को भी बस किराये में 30 फीसदी तक की छूट दी जाती है। ये छूट एसी और नॉन एसी दोनों तरह की बसों में दी जाती है।

**मुख्यमंत्री जन आवास**

# योजना के आवासों का कार्य 25 तक करें पूरा-अरोड़ा

**जागरूक जनता @ जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल की ओर से जयपुर समेत प्रदेशभर में विभिन्न योजनाओं की सौगात जल्द मिलेगी। मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने आवासीय, व्यावसायिक परियोजनाओं के कार्य तय समय पर पूरा करवाने के निर्देश दिए। जयपुर के सिटी पार्क, कोचिंग हब, फाउंटेन स्क्वॉयर सहित मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत बन रहे आवासों की प्रगति की समीक्षा की। जगतपुरा इंदिरा गांधी नगर के सेक्टर 3, 7 तथा प्रताप नगर के सेक्टर 28 और 26 में चल रही मुख्यमंत्री जन आवास योजनाओं के तहत बन रहे आवासों के कार्य 25 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 से मदीना जाएंगी फ्लाइट्स**

# हज के लिए 21 से शुरू होगी उड़ाने

**6 जून तक एयर इंडिया की 27 फ्लाइट जाएगी**



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोरोना के बाद तीन साल के अंतराल पर जयपुर से हज के लिए फ्लाइट्स का संचालन शुरू होगा। हज पर जाने वाले यात्रियों को जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 से फ्लाइट पकड़नी होगी। एयर इंडिया की ओर से संचालित की जाने वाली 27 फ्लाइट्स का संचालन 21 मई से 6 जून तक होगा। जयपुर एयरपोर्ट ऑथोरिटी के मुताबिक फ्लाइट पहले एक सप्ताह में एक ही चलेगी, लेकिन अगले सप्ताह यानी 28 मई से फ्लाइट्स की संख्या दिन में दो हो जाएगी। वहीं, रिर्टन में ये फ्लाइट्स का संचालन 3 से 24 जुलाई तक होगा।

### ये रहेगी टाइमिंग

शेड्यूल के मुताबिक 21 से 27 मई तक हर रोज एक फ्लाइट सुबह 11 बजे उड़ान भरेगी, जो सीधे साउदी अरब के शहर मदीना दोपहर 1.55 बजे पहुंचेगी। इसी तरह 28 मई से 6 जून तक हर रोज दो फ्लाइट्स जयपुर से उड़ान भरेगी। इसमें पहली फ्लाइट सुबह सुबह 9:35 बजे रवाना होकर दोपहर 12:45 बजे, जबकि दूसरी फ्लाइट सुबह 11 बजे रवाना होगी।

### टर्मिनल एक से होगा फ्लाइट्स का ऑपरेशन

एयरपोर्ट प्रशासन ने हज से जुड़े सुरक्षा और अन्य जरूरी इंतजाम को देखते हुए फ्लाइट्स का संचालन टर्मिनल-1 से करने का निर्णय किया है। सांगानेर के पास बने टर्मिनल एक का काम पिछले साल ही पूरा हुआ है। टर्मिनल एक से फ्लाइट का संचालन करने के पीछे एक बड़ा कारण सामान्य रूटिन फ्लाइट्स के यात्रियों को परेशानी न हो। प्रशासन ने इस के तहत अतिरिक्त सुरक्षा जवानों, सीआईएसएफ की तैनाती, कस्टम और इमिग्रेशन से जुड़े काउंटर टर्मिनल एक पर स्थापित कर दिए है।

**ANCHOR** **डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकार सम्मानित**

# सोशल मीडिया पर पॉपुलर होने के एक्सपर्ट ने दिए टिप्स

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सोशल मीडिया पर वर्तमान समय में हर कोई पॉपुलर होना चाहता है, लेकिन सही एप्रोच नहीं होने के कारण प्रोफाइल को सही रीच भी नहीं मिल पाती। ऐसे में फेसबुक, इंस्ट्रा, ट्विटर, गूगल एडवर्ड और यूट्यूब चैनल मैनेज करे लोगों के बीच पॉपुलर्टी और रिच बढ़ने को लेकर दिल्ली के सोशल मीडिया व आईटी एक्सपर्ट लोकेश बी. दवे ने टिप्स दिए। मौका था सोमवार को पिंक सिटी प्रेस क्लब में आयोजित डिजिटल संवाद-2023 "ऑनलाइन रेपुटेशन मैनेजमेंट प्रोग्राम" का। जिसमें प्रदेश भर के पत्रकारों ने हिस्सा लिया। सोशल मीडिया एक्सपर्ट लोकेश बी. दवे ने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि सोशल मीडिया का सही उपयोग और उससे अपने प्रोफेशन को निखारने की आवश्यकता है।प्रत्येक व्यक्ति किसी भी संस्था के कर्मचारी के साथ साथ एक एंटरप्रेन्योर भी होता है। वह अप्रत्यक्ष रूप से एंटरप्रेन्योरशिप भी कर रहा होता है। एंटरप्रेन्योरशिप के साथ साथ में लाइफ के ड्रीम को भी समझना होगा। ट्रेडिशनल मीडिया और डिजिटल मीडिया में काफी अंतर है। इसमें काफी बदलाव भी आ रहा है। दवे ने बताया कि कोविड के समय में वे लोग सबसे ज्यादा परेशान हुए जिनके आय के तरीकों में नवाचार नहीं था, या जिनके इनकम का सोर्स एक ही था। ऐसे में सबसे ज्यादा जरूरी है खुद को अपडेट कर एक से ज्यादा आय के तरीकों को बढ़ाने का। ओला उबर का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें काम करवाने आना चाहिए, सारे काम खुद करने की आवश्यकता नहीं है। हमारे कंटेंट आसान भाषा में होना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उससे कनेक्ट हो सके।





**पत्रकारों का किया सम्मानित**

कार्यक्रम संयोजक ओमवीर भार्गव और डॉ. मोनिका शर्मा ने बताया कि पत्रकारों को उनकी डिजिटल प्रोफाइल डवलप करने के लिए कार्यक्रम में प्रोत्साहित भी किया गया। इसमें पत्रकार छवि टांक के साथ वरिष्ठ पत्रकार रामगोपाल जाट, बेनी प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सिंह शेखावत, वरिष्ठ पत्रकार विशाल सूर्यकांत शर्मा और दिनेश गौड़ को स्मृति चिन्ह और साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाथोज धाम के महाराज बालमुकुंदाचार्य, आचार्य हिमानी शास्त्री और वार्ड 131 के पार्षद गोविंद छीपा रहे। समारोह में एक्सपर्ट लोकेश बी. दवे ने बताया कि वर्तमान सिनेरियो में पत्रकारों की डिजिटल मंच पर भी सशक्त उपस्थिति की दरकार है।





भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 10 मई - 16 मई, 2023

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

वैशाख, पक्ष - कृष्ण, तिथि - पंचमी, संवत 2080 | पृष्ठ : 8+2 | बुधवार | वर्ष-9, अंक-11, | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## अब विवाह नहीं सौदे होने लगे हैं!

**सटीक**



**शिव दयाल मिश्रा**
@jagrukjanta.net

**भारतीय** संस्कृति में 16 संस्कारों में से एक संस्कार विवाह संस्कार भी है जो हमारे समाज और परिवार को बांधकर रखता है। अगर विवाह नहीं होंगे तो न परिवार होगा और न ही समाज। आज समाज और परिवार दोनों ही दांव पर लगे हैं। समाज इसलिए दांव पर लगा है कि वह मूक दर्शक बनकर रह गया है या यूं समझो कि समाज को कोई मानता ही नहीं है यानि अस्तित्व ही संकट में है तो दूसरी तरफ परिवार भी सिमटता जा रहा है। हम, तुम और ये। हम तुम से मतलब पति-पत्नी तथा ये से मतलब बच्चा। बच्चा एक या दो। उससे ज्यादा आज परिवार के नाम पर कुछ ही शेष रह गया है। समाज खत्म इसलिए हो रहे हैं कि उनकी कोई अहमियत ही नहीं रही, समाज की कोई सुनता नहीं है। और परिवार इसलिए खत्म हो रहे हैं कि परिवार में समय पर विवाह नहीं हो रहे हैं। आजकल निर्धारित उम्र से भी बहुत देर तक नौकरी और केरियर बनाने के चक्कर में लड़के-लड़कियों के विवाह नहीं होते। फिर वे अपनी मां-बाप की मर्जी के दूल्हे-दुल्हन से शादी नहीं करते। अपनी मर्जी से करना चाहते हैं। जब विवाह समय पर नहीं होंगे तो पति-पत्नी में एक दूसरे के प्रति सद्भाव और प्रेम पनप ही नहीं पाएगा। वे लोग एक-दूसरे के स्वभाव में ढल नहीं पाते। ढल नहीं पाते तो लड़ाई-झगड़े और फिर विवाह विच्छेद या दूर होते जाना। इस सबके अतिरिक्त और भी कई वजह है जिनके कारण अब वैवाहिक रिश्तों में प्रेम नहीं रहा। अब विवाह नहीं सौदेबाजी होते हैं। पहली बात एक उम्र के बाद मां-बाप अपनी मर्जी से बच्चों की शादी नहीं कर पाते। पहले खानदान देखते थे समाज में परिवार की प्रतिष्ठा देखी जाती थी, फिर बच्चों के संस्कारों को देखा-परखा जाता था। अब ये सारी बातें गौण हो गई है। अब तन की सुन्दरता, नौकरी, बिजनेस, धन दौलत, कार-बंगला देखा जाता है। अब साइकिल स्कूटर वाला परिवार नहीं, सब कार वाले लड़के को पसंद करते हैं। अधिकांश तो दहेज में लड़की वाले से कार मांगने लगे हैं। लड़के वाले दहेज के लालच में बड़े घरों की लड़की पसंद करने लगे हैं, दूसरी तरफ लड़की वाले भी पैसे वालों से रिश्ता करना चाहते हैं ताकि लड़की को घर का काम नहीं करना पड़े। सब नौकर-चाकर करें। लड़की वालों को छोटा परिवार चाहिए। छोटे परिवार के चक्कर में आजकल परिवार कुछ ज्यादा ही छोटा हो गया है। पहले के समय में जब लड़का देखने के लिए जाते थे तो लडकी क्या-क्या काम जानती है उसको गिनाते थे। आजकल तो साफ ही कह देते हैं कि हमारी लड़की ने घर में काम नहीं किया है। हमने बच्ची से घर का काम नहीं कराया है। ऐसा कहना लड़की वाले अपनी शान समझते हैं। **क्रमशः** *शेष अगले अंक में*

**मुख्यमंत्री ने गंगूकुंड में महंगाई राहत का तीन करोड़वां गारंटी कार्ड सौंपा**

# महंगाई से राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार

### मुख्यमंत्री ने मावली को नगरपालिका बनाने के लिए की घोषणा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को उदयपुर के मावली एवं गंगूकुंड में महंगाई राहत कैंपों का अवलोकन किया। उन्होंने गंगूकुंड में लाभार्थी नफीसा बानो को महंगाई राहत का तीन करोड़वां मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड सौंपा। गहलोत ने अन्य लाभार्थियों को भी गारंटी कार्ड सौंपे और उनसे संवाद करते हुए अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का आहवान किया। मुख्यमंत्री ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में हर तबके को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। हर वर्ग के उत्थान को ध्यान में रखते हुए सरकार ने एक से बढ़कर एक जनकल्याणकारी योजनाएं दी हैं। सभी को पहला सुख निरोगी काया के संदेश को जीवन में उतारने का आहवान करते हुए उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति स्वस्थ रहे, इसके लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू किया गया है। यह देशभर में अनूठी योजना है, जिसकी पूरे देश में सराहना हो रही है।



### राहत कैंप का लाभ उठाएं आमजन

**गहलोत** ने कहा कि आमजन को महंगाई से राहत दिलाने के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं। इनमें पात्र परिवारों को सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिलेगा। आमजन के उत्साह से कैंप सफलता की ओर अग्रसर हैं। इनमें मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के साथ 500 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर, अन्नपूर्णा फूड पैकेट, न्यूनतम 1000 रुपए की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पशुपालकों और पशुओं की सुरक्षा के लिए बीमा, घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को निःशुल्क बिजली सहित रोजगार की गारंटी दी जा रही है।

### मावली में गर्ल्स कॉलेज को पीजी में क्रमोन्नत करने की घोषणा

**मुख्यमंत्री गहलोत** ने मावली क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई सौगातें प्रदान की। उन्होंने मावली के गर्ल्स कॉलेज को पीजी कॉलेज में क्रमोन्नत करने, मावली को नगरपालिका बनाने, मावली और खेमली को अलग-अलग पंचायत समिति बनाने, घाटा और इंटाली में पीएचसी को सीएचसी बनाने, बागोलिया बांध की डीपीआर बनाने तथा मावली सीएचसी को उप जिला अस्पताल बनाने की घोषणाएं की।

### लाभार्थियों को चेक और पट्टे वितरित

**मुख्यमंत्री** ने गंगूकुंड में इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना में 4 लाभार्थियों अंजुम आरा, दिनेश वैष्णव, इंद्रनाथ जोगी तथा रीना कुशवाह को 50-50 हजार रुपए के चेक भेंट किए। इसके बाद उन्होंने प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत 11 व्यक्तियों को 69-ए के पट्टे वितरित किए। गहलोत ने राजस्थान सहकारी ग्रामीण आजीविका ऋण योजना के तहत कला तेली, सुनीता सालवी तथा श्रीमती ज्योति वैष्णव को 50-50 हजार रुपए के ब्याज मुक्त ऋण के चेक वितरित किए। उन्होंने खेमपुर मावली कैंप में प्रतिभावान छात्र अर्जुन गाडरी से भी मुलाकात की।

## इमरान खान गिरफ्तारी से पाकिस्तान में बवाल, कई शहरों में आगजनी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और विपक्षी पार्टी पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान को इस्लामाबाद हाईकोर्ट के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह एक मामले की सुनवाई के लिए दोपहर 2 बजे कोर्ट पहुंचे थे। उनकी गिरफ्तारी पाकिस्तान रेंजर्स ने की और कोर्ट परिसर से बाहर ले जाकर पुलिस को सौंप दिया। गिरफ्तारी के समय रेंजर्स इमरान खान का कॉलर पकड़े नजर आए। गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में बवाल मच गया। इस्लामाबाद, लाहौर समेत कई जगहों पर पीटीआई समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह ने प्रेस कान्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि इमरान खान मुल्क के दुश्मनों के साथ मिले हुए हैं। वो भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उन्होंने गलत तरीके से हजारों करोड़ की संपत्ति बनाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान खान की गिरफ्तारी के दौरान रेंजर्स ने कोई बल प्रयोग नहीं किया गया। इमरान खान के समर्थकों और सुरक्षाकर्मियों ने हाईकोर्ट में तोड़फोड़ की।

# राहुल ने कार्यकर्ताओं के साथ सुने भजन

**कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप के लिए आबू पहुंचे थे, डेलिगेट्स से की चर्चा, आज आएंगे मोदी**



**जयपुर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को माउंट आबू दौरे पर रहे। वे माउंट आबू में कांग्रेस के सर्वोदय संगम कैंप में शामिल हुए और दोपहर बाद लौट गए। भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल आज पहली बार राजस्थान आए थे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को माउंट आबू पहुंचेंगे। यहां उनके कई कार्यक्रमों में शामिल होने की जानकारी है। राहुल गांधी दिल्ली से रूटीन फ्लाइट के जरिए उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुंचे थे। यहां डबोक एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राहुल की अगवानी की थी। इसके बाद उदयपुर से हेलिकॉप्टर से माउंट आबू पहुंचे थे। वह माउंट आबू के स्वामीनारायण धर्मशाला में कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप में शामिल हुए। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर भजन भी सुने थे। इस दौरान पिंडवाड़ा के पूर्व विधायक लालाराम गरासिया, गंगाबेन गरासिया भी स्वामीनारायण धर्मशाला के बाहर पहुंचे थे। यहां पुलिस ने उन्हें रोक लिया था। जिस पर दोनों पूर्व विधायकों ने नाराजगी जताते हुए कहा था- क्षेत्र के आदिवासी जनप्रतिनिधि हैं और हमें ही राहुल गांधी से मिलने से रोका जा रहा है। लगभग 30 मिनट बाद दोनों को अंदर बुलाया गया था। इससे पहले राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर से पोलोग्राउंड पहुंचने पर प्रभारी मंत्री महेंद्र चौधरी ,मंत्री सुखराम बिश्नोई, पीसीसी सदस्य हरीश चौधरी ने स्वागत किया था।

## अमीरों की लिस्ट में मार्क जुकरबर्ग से आगे निकले मुकेश अंबानी, गौतम अडानी को फिर लगा झटका

**जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** भारत के नंबर-1 अरबपत्ति मुकेश अंबानी ने दुनिया के अमीरों की लिस्ट में फिर उड़ान भरी है। मुकेश अंबानी ने फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को पीछे छोड़ दिया है। अमीरों की लिस्ट में एक पायदान ऊपर चढ़ते हुए मुकेश अंबानी अब 12वें नंबर पर आ गए हैं। हालांकि भारत के दूसरे सबसे अमीर शख्स गौतम अडानी को फिर से झटका लगा है। अमरीकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद से गौतम अडानी की संपत्ति की लगातार गिरावट जारी है।







राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886 | सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@gmail.com

## सम्पादकीय

# वक्त के साथ बदलाव

**चार्ल्स तृतीय की ताजपोशी के बाद क्या-क्या बदल जाएगा**

**आखिर** चार्ल्स तृतीय के रूप में इंग्लैंड को अपना नया राजा मिल गया। 74 साल की उम्र में बीते शनिवार को हुई चार्ल्स की ताजपोशी हालांकि आठवीं सदी से चली आ रही परंपरा की ही अगली कड़ी है, लेकिन यह भी सच है कि इस बीच न तो इस ताज में पहले वाली बात रही और न यह परंपरा ही पूरी तरह से पहले वाले रूप में कायम रह सकी। चार्ल्स से पहले महारानी एलिजाबेथ की बात करें तो उनका जीवन काल ही इन बदलावों का गवाह कहा जा सकता है। जब 1926 में उनका जन्म हुआ, ब्रिटेन दुनिया का ऐसा साम्राज्य था, जिसमें सूरज कभी अस्त नहीं होता था।हालांकि, 1952 में जब उनकी ताजपोशी हुई, तब तक इस साम्राज्य का ज्यादातर हिस्सा स्वतंत्र होकर नियंत्रण से निकल चुका था। और, जब 2022 में उनका देहावसान हुआ, तब तक ब्रिटेन न सिर्फ ब्रेग्जिट के फैसले के कारण यूरोप से अपने जुड़ाव के फायदे खो चुका था बल्कि एक समय के अपने उपनिवेश भारत से भी पिछड़कर दुनिया की छठे नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका था। पश्चिमी दुनिया में भी वह दूसरे विश्वयुद्ध के बाद से अमेरिका का पिछलग्गू बना हुआ है और यूरोप का भी नेतृत्व आज फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों के हाथों में है। बहरहाल, जहां तक ताजपोशी पर लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रभावों की बात है तो उसकी झलक ताजपोशी के ठीक बाद कहे गए किंग चार्ल्स के शब्दों में दिखती है।

किंग चार्ल्स ने कहा, 'मैं सेवा कराने के लिए नहीं, बल्कि सेवा करने के लिए आया हूं।' जिस राजा को एक समय देवता का रूप माना जाता था, प्रजा का संरक्षक, उसका पालक समझा जाता था, वह कहे कि मैं सेवा करने आया हूं तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों की रोशनी में उस संस्था में आए बदलावों का ही प्रमाण है। इन सबसे अलग, स्त्री-पुरुष संबंधों के बदलते मानकों और उनसे जुड़े आधुनिक मूल्यबोध का असर ताजपोशी के दौरान क्वीन कैमिला को मिली अहमियत में देखा जा सकता है। हाल तक इस बात को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी कि किंग चार्ल्स की तलाकशुदा पत्नी कैमिला को प्रिंसेस कहा जाएगा या कोई और उपाधि दी जाएगी। ध्यान रहे, इंग्लैंड के लोग अपने व्यक्तिगत जीवन में भले शादी और तलाक जैसे मसलों पर उदार रुख रखते हों, जब बात राजमहल और राजा या रानी की आती है, तब वे पारंपरिक सोच से निर्देशित होते नजर आते हैं। सौ साल भी नहीं हुए जब इंग्लैंड के राजा एडवर्ड अष्टम को तलाकशुदा महिला से शादी के ही कारण राजगद्दी छोड़नी पड़ी थी। ऐसे में तलाकशुदा महिला से शादी करने के बावजूद न केवल चार्ल्स को ताज पहनाया गया बल्कि उनकी पत्नी को बाकायदा क्वीन का दर्जा दिया गया, जो इस बात का एक और उदाहरण है कि इंग्लैंड का क्राउन समय के साथ बदल रहा है। अपने इसी लचीलेपन की बदौलत लोकतांत्रिक परंपराओं का ध्वजवाहक माने जाने वाले एक देश में राजतंत्र की यह परंपरा न केवल कायम है, बल्कि सिर-आंखों पर ली जा रही है।

**देश का मीडिया और मनोरंजन उद्योग परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के आने से मीडिया और मनोरंजन उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है। बड़ी संख्या में स्टार्टअप भी इस क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।**

# मीडिया और मनोरंजन उद्योग ने पकड़ी नई राह



**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग की विकास गाथा बड़ी दिलचस्प है। पिछले कई वर्षों से 10.5 प्रतिशत की दर से ऊपर की ओर बढ़ने वाली मीडिया इंडस्ट्री ने तेजी से विकसित परिदृश्य में नए अवसर पैदा करने की क्षमता भी हासिल कर ली है।**



**वर्तमान** दौर में मीडिया और मनोरंजन उद्योग को भारत का सांस्कृतिक दूत माना जाता है और ऐसे स्पष्ट संकेत हैं कि उन्होंने भारत को एक विशिष्ट पहचान दी है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि मीडिया और मनोरंजन उद्योग में लोगों, व्यवसायों और राष्ट्रों को जोड़ने की बहुत बड़ी क्षमता है, जिससे दुनिया भर में विभिन्न संस्कृतियों और स्थितियों की बेहतर समझ विकसित हो सकती है। मीडिया और मनोरंजन उद्योग के कारण हाल के दौर में देश के कला जगत ने वैश्विक तौर पर नई ऊंचाइयां तय की हैं। आज दुनिया भी भारतीय कला और संस्कृति की सराहना कर रही है और हाल ही में 'नाटु-नाटु' गीत और 'एलिफेंट व्हिस्परर्स' के लिए ऑस्कर पुरस्कार इस वैश्विक प्रशंसा को प्रदर्शित करते हैं। निश्चित तौर पर इन पुरस्कारों ने भारत को एक सामाजिक संदेश देने में मदद की कि स्थिरता भारतीय संस्कृति और परंपरा के मूल में है। नारी शक्ति के संदेश को भी प्रभावी ढंग से व्यक्त किया गया क्योंकि पुरस्कारों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय महिलाएं नए भारत को परिभाषित कर रही हैं। जाहिर है कि इन उपलब्धियों से देश के करोड़ों लोगों का मनोबल बढ़ रहा है।

पिछले दिनों ही मुंबई में 'फिक्की फ्रेम्स 2023' का आयोजन किया गया, जिसमें मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री से संबंधित नवीनतम रुझानों पर सार्थक चर्चा की गई। इस बार इवेंट की थीम थी- 'इंस्पायर, इनोवेट एंड इमर्स'। यह थीम वर्तमान समय के लिए प्रासंगिक है क्योंकि यह मीडिया और मनोरंजन उद्योग द्वारा प्रदर्शित जीवंतता को दर्शाता है। यह थीम इस विश्वास के साथ भी प्रतिध्वनित होती है कि रचनात्मकता वास्तव में वाणिज्य को बढ़ा सकती है। फिक्की फ्रेम्स अब मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में एक स्थापित मंच बन गया है जो दुनिया को दिखाता है कि भारत वास्तव में किसी चीज का प्रतीक है। जाहिर है कि मनोरंजन उद्योग भारत की सांस्कृतिक पहचान और सांस्कृतिक विरासत के प्रमुख स्तंभ के रूप में कार्य करता है।

मनोरंजन उद्योग के लिहाज से देखें, तो नए भारत में हर कलाकार सपना देख सकता है और हर सपने देखने वाला सफल हो सकता है। आज मीडिया और मनोरंजन उद्योग से एक ऐसे माहौल का निर्माण करने में जुटे हैं, जिसमें प्रगति और समृद्धि की अनूठी यात्रा न सिर्फ पूरे देश का मनोरंजन कर रही है, बल्कि इसके जरिये सशक्तिकरण, ज्ञानवर्धन और प्रेरणा का काम भी हो रहा है। स्पष्ट है कि भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग की विकास गाथा बड़ी दिलचस्प है। पिछले कई वर्षों से 10.5 प्रतिशत की दर से ऊपर की ओर बढ़ने वाली मीडिया इंडस्ट्री ने तेजी से विकसित परिदृश्य में नए अवसर पैदा करने की क्षमता भी हासिल कर ली है।

मीडिया और मनोरंजन इंडस्ट्री में भी एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट और ग्राफिक्स ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें जबरदस्त संभावनाएं हैं। एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग एंड कॉमिक (एवीजीसी) टास्क फोर्स की स्थापना और एवीजीसी के लिए एक राष्ट्रीय नीति के निर्माण के साथ, भारत एवीजीसी उद्योग में अग्रणी बनने की राह पर होगा। रिपोर्टों के अनुसार सरकार स्कूली पाठ्यक्रम में एवीजीसी को शामिल करने के तरीकों का पता लगाने जा रही है ताकि छात्रों को कम उम्र में ही इस बढ़ते और रोमांचक क्षेत्र से अवगत कराया जा सके। यह भी उम्मीद है कि अगले साल तक मुंबई में नेशनल सेंटर फॉर एक्सीलेंस चालू हो जाएगा। इसी क्रम में हमें राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन को भी नहीं भूलना चाहिए। सरकार जल्द ही एक कार्यक्रम शुरू करने जा रही है, जिसके तहत फिल्म उत्साही और आम नागरिक अपनी पसंदीदा फिल्मों के डिजिटलीकरण और बहाली के लिए धन जुटा सकते हैं। सरकार पांच हजार से अधिक फीचर फिल्मों और लघु फिल्मों के डिजिटलीकरण और बहाली को लक्षित कर रही है। इसमें से 1,400 फीचर फिल्में और 1,100 लघु फिल्में पहले ही डिजिटाइज हो चुकी हैं। इधर राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) के माध्यम से फिल्मों के लिए धन जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में ऐसे युवा फिल्म निर्माताओं को सहायता देने की आवश्यकता है, जिनके पास धन की पहुंच नहीं है। एनएफडीसी का अपना ओटीटी एक मंच के रूप में उन फिल्मों को प्रदर्शित करने के लिए है जिन्हें बाजार में जगह नहीं मिलती है ताकि युवा प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिले। कैबिनेट ने हाल ही में सिनेमैटोग्राफ अधिनियम में सुधार को मंजूरी दी है, ताकि चोरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। इस अधिनियम को संसद के मानसून सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। इससे सरकार को पायरेटेड फिल्में दिखाने वाली वेबसाइटों के खिलाफ कार्रवाई करने का सीधा अधिकार मिल जाएगा।

इस परिदृश्य में साफ तौर पर कहा जा सकता है कि हमारे मीडिया और मनोरंजन उद्योग का विश्व स्तर पर स्वागत किया जा रहा है। डिजिटल क्रांति के दौर से गुजर रहे मीडिया उद्योग के लिए वाकई यह परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण क्षण है। जैसा कि 'फिक्की फ्रेम्स 2023' के दौरान अभिनेता आयुष्मान खुराना ने कहा, ''हमारा फिल्म उद्योग वैश्विक महानता के शिखर पर है, और मैं भाग्यशाली हूं कि मैं ऐसे समय में रह रहा हूं जहां दुनिया एक बन गई है।''

***(ये लेखक के अपने विचार है)***

# एक जन्म में कई जीवन जीना संभव है



**डॉ. रामावतार शर्मा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**तथाकथित** धर्म ग्रंथों की बातों से हट कर देखें तो जीवन बस एक ही बार मिलता है और वो भी चंद वर्षों का। पुनर्जन्म की कल्पना, हूरों का साथ जैसे प्रपंचों में भीरू लोग ही फंस सकते हैं और फंसते रहेंगे। सत्य जो सामने दिखता है उसके अनुसार तो हमारा शरीर महज प्रारंभिक 25 वर्षों में ही विकसित होता है और उसका भी 90 प्रतिशत पहले 14-15 वर्षों में पूर्ण हो जाता है। जिसे लोग जवानी कहते हैं वह वास्तव में जवानी का शिखर है क्योंकि 25वें जन्मदिन के बाद हमारा शरीर प्रौढ़ होने की तरफ बढ़ने लगता है। जीवन का 80-90 प्रतिशत भाग तो दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में ही निकल जाता है बाकी रुग्णता, व्याधियां और अनर्गल बातचीत में बर्बाद हो जाता है। सामाजिक और पारिवारिक बेड़ियां समय ही नहीं देती कि जीवन को सांझा किया जाए, समझा जाए और इस तरह से जिया जाए कि एक जन्म में कई जीवन जीने का आनंद भोगा जाए लगता तो कुछ यों है-

*"पिंजरे जैसी इस दुनिया में, पंछी जैसा ही रहना है*
*भर-पेट मिले दाना-पानी, लेकिन मन ही मन दहना है।*
*जैसे तुम सोच रहे साथी वैसे आबाद नहीं है हम।"*

कवि विनोद श्रीवास्तव ने जीवनयात्रा को चंद शब्दों में संजो दिया है।

बहुमत को तो जीवन का अर्थ समझने का न तो समय मिलता है और ना ही उसमें सामर्थ्य विकसित हो पाता है। यही कारण है जिसकी वजह से धरती पर पंडित, मोमिन, पादरियों और अन्य तथाकथित धर्म गुरुओं का साम्राज्य चमकता रहता है। केवल एक अति सूक्ष्म मानव समूह है जो इन सब फंदों को काट कर जीवनरूपी मधुशाला का आनंद ले सकता है जैसा कि कबीर ने कहा है

*सुरती कलारी भई मतवारी, मदुआ पी गई बिन तोले*
*मन मस्त हुआ तो क्यों बोले, साधो भाई क्यों बोले।*

फिर भी एक हॉबी के माध्यम से हम एक ही जन्म में कई जीवन जी सकते हैं। बिना घर से निकले विश्व के विभिन्न समाजों, मनुष्यों, प्रकृति आदि से संपर्क स्थापित कर सकते हैं और इन सबको निकटता से जान सकते हैं। इस हॉबी का नाम है साहित्य को पढ़ना। एक लेखक जब कोई पुस्तक लिखता है तो उसके पीछे उसका वर्षों का अनुभव होता है जिसमें उसने कार्य किया है। एक उपन्यासकार जब विभिन्न चरित्रों का सृजन करता है तो उसे हर छोटे एवम् बड़े चरित्र के बारे में विस्तृत अध्ययन करना पड़ता है, कड़ी से कड़ी मिलानी पड़ती है। चरित्र को उसकी गहराई तक ले जाना पड़ता है ताकि पाठक अंतिम पृष्ठ तक उपन्यास से जुड़ा रहे। जो लेखक यात्रा वृतांत लिखते हैं वो आपको कहां कहां तक नहीं ले जाते हैं। जब आप किसी लेखक का किसी स्थान विशेष पर लेख पढ़ते हैं तो क्या आप को ऐसा नहीं लगता कि आप खुद वहां खड़े हो कर सब कुछ देख रहे हैं ? यदि आप सम्यक श्रावक या सम्यक पाठक बन जाते हैं तो आप महसूस करेंगे कि किसी साहित्यिक कृति के प्रारंभ करने वाले आप और समाप्त करने वाले आप में एक बड़ा परिवर्तन आ गया है। आप पुस्तक समाप्ति के बाद कुछ कुछ दूसरे रूप में अपने आप को देख समझ पाते हैं।

जीवन की विकट स्थितियों में आपके द्वारा पढ़ा गया कोई साहित्यिक पात्र आपके सामने प्रस्तुत हो जाता है और आप अपनी मानसिक या शारीरिक वेदना या आनंद उसके साथ बांट सकते हो। इस तरह से आपके द्वारा पढ़ी गई हर पुस्तक आप के जीवन में एक सहयोगी जैसी भूमिका निभा सकती है यदि आपने उसे एकाग्रता के साथ पढ़ा हो। चूंकि कोई लेख या उपन्यास पढ़ते समय आप एकाग्रचित्त हो जाते हो तो समय के साथ आपके सोचने की शक्ति में गहराई आ जाती है , आपकी विश्लेषण करने की क्षमता ज्यादा पैनी हो जाती है और बढ़ी हुई जानकारी आपको जीवन के सही निर्णय लेने में सहायक होती है। चूंकि आपके पास संवाद करने को बहुत कुछ होता है तो इसके बल पर आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ जाती है, आत्म सम्मान नए पायदान चढ़ने लगता है।

प्रसिद्ध लेखक जॉर्ज आर आर मार्टिन के अमर वाक्य याद रखने लायक हैं " एक पाठक अपनी मृत्यु से पहले हजारों जीवन जी लेता है। वह व्यक्ति जो जीवन में कोई साहित्य पुस्तक नहीं पढ़ता है वह मात्र एक ही जीवन जी पाता है। "

# मत खींच मेरे तू केश दुश्शासन



**प्रिया सिंह**
शिक्षाविद्
@jagrukjanta.net

मत खींच मेरे तू केश दुश्शासन,मैं
तपती अग्नि की ज्वाला हूँ
मैं जलकर तुझे जला दूँगी,जननी मेरी
यह ज्वाला है।
*********
ना माना पापी खींच लिया,मर्यादा अपनी भूल गया
धरती धरा से देखती रही,अंबर अधम निहारता रहा
ये धर्मियों के बीच में, कैसा अधर्म हो रहा
कि भरी सभा है सूखीरों से,और स्त्री का चीर
हरण हो रहा
*******
बाहें छुड़ाके द्रौपदी,
चल पड़ी सभा के
बीच में
एक एक को देखा
गौर से, फिर बोली
बचन दहाडके
******
करती है प्रणाम हे
भीष्म तुम्हें ,दोगे क्या
आज आशीष हमें एक वस्त्र में लिपटी हु,
स्नान-ध्यान ना श्रृंगार किया
*********
हे गुरु श्रेष्ठ नजरें ना नीचे करें आज
कुलवधू भरतवंश को लाज़ हूँ मैं
होता है क्या यही भरतवंशिया के घर में
*********
किस्मत के अच्छे हो घृतड्राष्ट, कि अंधे
बनकर जन्म हो, कुलवधु ध्रुपदपुत्रि की दशा
देख, शायद अंधे तुम हो जाते
और हे विदुर नीति के ज्ञानी हो, क्या
नीति नहीं बतलाओगे।
*********
जब वहां से न्याय नहीं मिलता है तो द्रौपदी
अपने पतियों के पास जाती है और पूछती है
कि हे धर्मराज बोलिए, मुख
आज अपना खोलिए
स्त्री की मर्यादा से बढ़कर क्या
धर्म कोई श्रेष्ठ है।
*********
मछली की आँख भेदकर जीता स्तंवर आपने
हे धनुधारी भेदिए, जिह्वा भुजाएँ पापि के।

बनकर तपस्या जल गयी ,
पाँचो पति में बट गयी
टुकडे खुदी के कर दिये ,
तुमको न बटने पर दिये
*********
से पांडु पुत्रों भूल गये हित वचन जो तुमने
खाये थे
धिक्कार है ऐसी धर्मनीति पर,जो स्त्री की लाज
बचा न सके
*********
देखा सभा को मैन जब ,धरती विहीन वीर जब
दांतों से पटको खीचकर ,दोनों हथेली जोड़कर
करने लगी आराधना हे कृष्ण - 2 बोलकर
*********
शरण में तेरे आयी हूं लाज मेरी अब रख लेना
हे गोविन्द अपनी चरणों मे थोड़ा सा दर्शन
देदेना
जब भगवान चमत्कार करते हैं
तो क्या होता है
*********
कि उन नपुंसकों के भीड़ में,
सारे के सारे नग्न थे
साड़ी में लिपटी द्रौपदी साड़ी ही साड़ी हो गयी
*********
फिर द्रौपदी कहती है कि
आँखों मे मेरे रक्त जो है ,कल बहेंगें तेरे सीने से
उस लघू से धो ना लूं जबतक ,ये केश नही
बंधेंगे तबतक।।

*(लेखक वाराणसी से है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



**विवेक** और वैराग्य इन दोनों से ान होता है जैसे दीपक के उजाले में घर के भीतर की वस्तुएं ही दिखाई देती हैं, वैसे ही संसारी मनुष्यों का ज्ञान, खाना-पीना, पहनना, घर गृहस्थी, संतारन, शरीर रक्षा तक ही सीमित होता है। भक्त का ज्ञान चांदनी जैसा है जिससे भीतर बाहर दूर, नजदीक की छोटी-बड़ी वस्तुएं दिखाई देती हैं। ज्ञानी के ज्ञान और भक्त के ज्ञान में अंतर है। ज्ञानी कहता है संसार माया है। दर्पण में परछाई यानि प्रतिविंब की तरह मिथ्या है। प्रतिबिंब कोई वस्तु नहीं है। वस्तु एक मात्र ब्रह्म ही है, माया उसका प्रतिबिंब है। देहात्म बुद्धि आसानी से नहीं जाती। भक्त यह नहीं कहता जगत स्वप्न की तरह मिथ्या है, वह कहता है वे ही सब कुछ बने हुए हैं। जैसे मोम के बगीचे में सभी कुछ मोम का ही बना होता है। ज्ञान वह है जिस रास्ते से चलकर मनुष्य स्वरूप का पता पाता है। ब्रह्म ही मेरा स्वरूप है, यह बोध होना चाहिए। हनुमानजी ने कहा था-हे राम मैं कभी तो देखता हूं तुम पूर्ण हो मैं अंश हूं। कभी देखता हूं तुम स्वामी हो और मैं दास हूं और जब तत्व ज्ञान होता है तब देखता हूं तुम्हीं में और मैं ही तुम हो। ज्ञानी का ईश्वर तेजोमय होता है और भक्त का रसमय। पूर्ण ज्ञान और पूर्ण भक्ति ान एक ही हैं। भक्ति चन्द्रमा है और ज्ञान है सूर्य। दोनों में प्रकाश एक ईश्वर का ही है। क्रमशः

## ओपिनियन

# स्वपनशील बुजुर्ग महिलाओं का परिदृश्य



**प्रतिभा मिश्रा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**महिला** सुरक्षा की बात जब भी होती है तो यही महिलाएं ध्यान में रहती हैं। नौकरी, शादी, खेल-कूद, घूमना, कपड़े, दवाएं, खानपान सबमें युवा महिलाओं का ही बोलबाला नजर आता है। पता नहीं क्यों बुजुर्ग महिलाओं की बड़ी आबादी को भगवान के भरोसे छोड़ दिया गया है। जबकि ये महिलाएं भी युवा महिलाओं की तरह तमाम उत्पादों की खरीदार हैं।

पार्क के पास से निकलो, तो वहां सवेरे के वक्त बहुत-सी बुजुर्ग महिलाएं बैठी दिखाई देती हैं। कोई जमीन पर बैठी योग कर रही है, तो कोई प्राणायाम, कोई अपने नाती-पोते के साथ घास पर इधर से उधर दौड़ रही है, किसी के हाथ में कुत्ते की डोरी है, और कुत्ता डोरी छुड़ा कर भाग जाना चाहता है। वह ऐसा नहीं कर पाता, तो घसीटता हुआ एक ओर ले जाता है। कोई बालों में लगाने के लिए पार्क में लगी मेंहदी के पत्तों को तोड़ रही है। कोई घर से मेथी, बथुआ, पालक और मटर लेकर आई है। एक पंथ दो काज। सर्दी में धूप का लुत्फ लिया और सब्जी को साफ करने, छीलने, काटने का काम भी निपटा लिया।

इसी को तो आज की भाषा में मल्टी टास्किंग कहते हैं। यही नहीं, कोई यों ही खामोश किसी सोच-विचार में मगन है, तो कहीं अलग-अलग जगहों पर महिलाओं के कई गुट बैठे हैं। उनमें से कइयों के हाथ में सलाइयां हैं, वे बातें भी कर रही हैं, स्वेटर भी बुन रही हैं। यही नहीं, इन दिनों बाजार में, माल्स में, मेट्रो में, मेलों में, वोट देने की लाइन में, कार चलाते बुजुर्ग महिलाएं खूब दिखाई देती हैं। लेकिन हमारे नीति-नियंता, कानून बनाने वालों, उद्योग, स्व-सहायता समूहों, फिल्म बनाने वालों, साहित्यकारों, नाटककारों, तमाम आनलाइन साइटों, मीडिया और विज्ञापनदाताओं की नजरों से ये महिलाएं ओझल हैं। आखिर बुजुर्गों, खासकर महिलाओं को सपने क्यों नहीं देखने चाहिए। उनके सपनों पर उम्र का बंधन क्यों होना चाहिए। जो भी कानून बनते हैं वे युवा महिला को देख कर बनाए जाते हैं।

जब भी महिला सुरक्षा की बात होती है तो यही महिलाएं ध्यान में रहती हैं। नौकरी, शादी, खेल-कूद, घूमना, कपड़े, दवाएं, खानपान सबमें युवा महिलाओं का ही बोलबाला नजर आता है। पता नहीं क्यों बुजुर्ग महिलाओं की बड़ी आबादी को भगवान के भरोसे छोड़ दिया गया है। जबकि ये महिलाएं भी युवा महिलाओं की तरह तमाम उत्पादों की खरीदार हैं। ये भी हर ग्राहक को भगवान मानने वाले उद्योग की पोटैंशियल ग्राहक हैं। ये भी अब समूह बना कर न केवल देश में, बल्कि विदेशों में घूम रही हैं। इनकी भी 'च्वाइसेज' हैं। पसंद-नापसंद हैं। ये भी तरह-तरह के अपराधों की शिकार होती हैं। मगर देखा गया है कि अक्सर ये चिंताओं से बाहर रहती हैं। इनके बारे में सदियों पुराना वह स्टीरियो टाइप नहीं टूटा है कि एक बार औरत चालीस-पचास की हुई, तो उसे हरिभजन करना चाहिए और मौत के इंतजार में रहना चाहिए। अगर वक्त बदला है तो वह बदलाव इन उम्रदराज महिलों के जीवन में क्यों चिह्नित नहीं किया जाना चाहिए। कानून बनाने वालों की हालत तो यह है कि युवा स्त्रियों को ध्यान में रख कर दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के तहत अक्सर बुजुर्ग महिलाओं को अपराधी मान कर पकड़ लिया जाता है। वहां यह भुला दिया जाता है कि ये भी महिलाएं हैं। कानून को इनकी भी रक्षा करनी चाहिए, क्योंकि कानून सबके लिए होता है। वह उम्र को देख कर नहीं बनाया जाता, उसके दायरे में हर औरत को आना चाहिए। उसे महिला, महिला में भेदभाव नहीं करना चाहिए। लेकिन ऐसा खूब होता है, और किसी का ध्यान इस ओर नहीं जाता। कहा जाता है कि 'मिलेनियल्स' की यह पीढ़ी, 'एसपिरेशनल' पीढ़ी है। 'एसपिरेशंस' पूरी करने और सपनों की उड़ान के लिए इन दिनों उम्र कोई बाधा नहीं है। कोई जब चाहे सपने देख सकता है और उन्हें पूरा करने के लिए आगे बढ़ सकता है। तब बुजुर्ग औरतें ही भला क्यों पीछे रहें। अक्सर बहुत-सी बुजुर्ग औरतों के बारे में छपता रहता है, नजर जाती रहती है। इनका जज्बा देख कर गर्व होता है। जहां साधनहीनता से लेकर बड़ी उम्र तक इनके हौसलों को कम नहीं कर पाती। ठान लें तो तमाम रोग-शोक को मात देते अपने लक्ष्य पर पहुंच ही जाती हैं। हरभजन कौर की उम्र तिरानबे वर्ष। पति की मृत्यु के बाद वे अपनी बेटी के साथ चंडीगढ़ में रहती हैं। कुछ साल पहले उनकी बेटी ने सोचा कि अब उनकी मां की उम्र हो चली है। कहीं कोई ऐसी इच्छा तो नहीं, जो पूरी न हुई हो। अगर ऐसी कोई इच्छा है और मां उन्हें बताती हैं, तो वह पूरी करने की कोशिश करेंगी। उन्होंने हरभजन से पूछा कि क्या उनकी ऐसी कोई इच्छा है, जिसे पूरी न होने का उन्हें मलाल है। बूढ़ी दादी हरभजन कुछ देर सोचती रहीं। फिर बोलीं- वैसे तो सब ठीक है, मगर जिंदगी में कभी पैसे नहीं कमा सकी, इस बात का दुख है।

## जागरूक जनता Selfie विद सन



भानू सन लक्ष्मी-लोकेश शर्मा, जयपुर

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।
jagrukjantanews@gmail.com
सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## जागरूक खबरें

### मणिपुर से राज्य के विद्यार्थियों की सुरक्षित वापसी का खर्च वहन करेगी राज्य सरकार

**जागरूक जनता @ जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मणिपुर में हिंसा की घटनाओं के मद्देनजर राजस्थान के विद्यार्थियों की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में आने वाले विद्यार्थियों की वापसी का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। गहलोत ने बताया कि दिल्ली के प्रमुख आवासीय आयुक्त एवं राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त समन्वय कर विद्यार्थियों की वापसी सुनिश्चित कर रहे हैं। साथ ही मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा अधिकारियों से सम्पर्क कर लगातार निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में भी यूक्रेन से आए विद्यार्थियों एवं सूडान से आए राजस्थानियों की वापसी का खर्च वहन किया गया था।

### वीर हनुमान रोप-वे को फिर चालू करने की मांग



**जागरूक जनता @ गोविंदगढ़ (जयपुर)।** सामोद धाम में रोप-वे पर रोक लगा दी गई थी। सुरक्षा मानक पूरे नहीं करने पर और आवश्यक दस्तावेजों की कमी के चलते तत्कालीन कलेक्टर ने रोप-वे पर रोक लगा दी थी। जिसे फिर से चालू करने के लिए पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित को ज्ञापन सौंपा है। सामोद पर्वत के नांगल भरड़ा खोल से श्री वीर हनुमान मंदिर तक लगाया गया रोप-वे पर रोक लगने से बुजुर्ग श्रद्धालुओं को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रविवार को पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित से मुलाकात की। पूर्व विधायक ने ज्ञापन में बताया कि सामोद स्थित वीर हनुमान धाम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जहां पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोप वे की सुविधा चालू की गई थी। जिसको प्रशासन द्वारा खामियां बताते हुए बंद कर दिया गया था। ऐसे में आप से गुजारिश है कि खामियों की जल्द से जल्द पूर्ति करवा कर रोप वे को फिर से चालू करवाएं, ताकि श्रद्धालुओं को लाभ मिल सके। जिस पर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने वन विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्दी ही इस मामले को सुलझाने का आश्वासन दिया।

### सरकार दिव्यांगजनों के संघर्ष कम करने को तत्पर -सहकारिता मंत्री

# 21 दिव्यांगों को मिली स्कूटियां

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना अन्तर्गत मंगलवार को चितौड़गढ़ जिले के पेच एरियां में स्थित विधायक कार्यालय में 21 दिव्यागों को स्कूटियां सौपी। इस दौरान स्कूटी पाने वाले दिव्यांगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं सहकारिता मंत्री आंजना का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आंजना ने कहा कि दिव्यांगों को दैनिक जीवन में सामान्य व्यक्ति से अधिक संघर्ष करना पड़ता है। सरकार इनके संघर्ष को कम करने के लिए सदैव तत्पर है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा घोषित मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी वितरण कार्यक्रम इसी दिशा में ही एक कार्य है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से दिव्यांगों को मिलने वाले अवसरों में वृद्धि होगी। इसी प्रकार दिव्यांग क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं को प्रयास करने चाहिए।

#### इन्हें मिली स्कूटी

**मुख्यमंत्री** दिव्याग स्कूटी योजनान्तर्गत सहकारिता मंत्री आंजना ने नसरीन बानो निम्बाहेड़ा, रंगलाल धाकड़ निवासी बडोली माधोसिंह, मो. शाबिर हुसैन निम्बाहेड़ा, रणवीर प्रताप सिंह अरनोदा, भगवतीलाल निम्बाहेड़ा, रामलाल मेघवाल निम्बाहेड़ा, मोहम्मद जावेद निम्बाहेड़ा, महेशचंद्र निम्बाहेड़ा, निर्मला वैष्णव निम्बाहेड़ा, नदलाल लसड़ावन, गोटी बाई मोठा अरनिया जोशी, सुगना बाई निम्बाहेड़ा, विजय सिंह जाट शाहबाद, बबिता प्रजापत, लिला बाई अजोता, दुर्गा कुंवर केली, राहुल धाकड़ बड़ावली, पंकज जाट फलवा, कमलेश दास सतखंडा, काजल जैन निम्बाहेड़ा, जसवंत सुथार कोटड़ीकला को 21 लाभार्थियो को स्कूटी सौपी। इस अवसर उपखण्ड अधिकारी रमेश सीरवी पुनाडिया सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहें।

### किसानों की उन्नति के लिए

## विभिन्न योजनाओं में 592 करोड़ रुपए स्वीकृत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कृषि और किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत 592 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किसानों की उन्नति सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय प्रावधान के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

गहलोत के निर्णय से नैनो यूरिया के ड्रोन से छिड़काव के लिए 4.50 करोड़ रुपए की लागत आएगी, जिसके लिए 10 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में लागत के 75 प्रतिशत अथवा अधिकतम 4500 रुपए प्रति हैक्टेयर की अनुदानित दर रखी गई है। वहीं, 5 लाख भूमिहीन श्रमिकों को हस्तचालित कृषि यंत्र खरीदने के लिए प्रति परिवार 5 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। इसमें राज्य सरकार 250 करोड़ रुपए व्यय करेगी। राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में एक लाख किसानों को 250 करोड़ रुपए के कृषि यंत्र, 50 हजार पशुपालक किसानों को अनुदानित दर पर हस्त/पावर चलित चाफ कटर यंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, कृषि स्नातक बेरोजगार युवाओं को भी 1000 ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए 4-4 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जाएगा। कृषक उत्पादन संगठन (एफपीओ) तथा कस्टम हायरिंग केंद्रों को भी ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा इन सभी योजनाओं में कृषक कल्याण कोष से 588 करोड़ रुपए और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 4.60 करोड़ रुपए (राज्यांश) का प्रावधान किया गया है। स्वीकृति से प्रदेश के लाखों कृषक एवं पशुपालक लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की थी।

## ग्रामीण छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक शिक्षा के लिए सिनेमा ऑन व्हील्स एक अभिनव प्रयोग-शिक्षा मंत्री

**जागरूक जनता @ जयपुर।** शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत राज्य सरकार के सहयोग से संचालित सिनेमा ऑन व्हील्स एक अभिनव प्रयोग है। प्रदेश के ग्रामीण परिवेश के छात्र-छात्राओं को इसके माध्यम से ज्ञान, विज्ञान, स्वास्थ्य, स्वच्छता और उच्च नैतिक मूल्यों का संदेश दिया जा रहा है। शिक्षा मंत्री शिक्षा संकुल में सिनेमा ऑन व्हील्स का अवलोकन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत 1 लाख 9 हज़ार छात्र-छात्राओं को इस कार्यक्रम के माध्यम से जीवनोपयोगी शिक्षा दी जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि सीएसआर गतिविधि के तहत वर्ष 2020 से संचालित इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को ऑडियो-विजुअल माध्यम से उच्च



नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्रभावशाली शॉर्ट फिल्म्स, लघु नाटिका एवं डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों को कई संवेदनशील मुद्दों जैसे 'गुड टच-बैड टच', जेंडर संवेदनशीलता, साइबर क्राइम, बाल विवाह, नशामुक्ति इत्यादि पर जागरूक किया जा रहा है।

### 250 वार्डो में बीजेपी कार्यकर्ता धरने के साथ करेंगे हनुमान चालीसा का पाठ

## जयपुर-ब्लास्ट की बरसी पर बीजेपी कांग्रेस के खिलाफ करेगी प्रदर्शन

**जागरूक जनता @ जयपुर।** जयपुर ब्लास्ट के दोषियों की रिहाई के बाद भाजपा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्च खोल दिया है। शनिवार को जयपुर सीरीयल बम ब्लास्ट की पंद्रहवी बरसी पर बीजेपी कार्यकर्ता जयपुर के 250 वार्ड में कांग्रेस के खिलाफ धरना प्रदर्श कर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। इस दौरान जयपुर ब्लास्ट इंसाफ मांगे राजस्थान के नाम से सोशल मीडिया पर भी कांग्रेस सरकार के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश की जयपुर धमाकों के दौरान देश में पांच बड़े बम धमाके हुए थे। इनमें समझौता एक्सप्रेस, मालेगांव बम ब्लास्ट, हैदराबाद मक्का मस्जिद ब्लास्ट, अजमेर दरगाह ब्लास्ट और जयपुर बम ब्लास्ट हुआ था। लेकिन इनमें से जयपुर बम ब्लास्ट के अलावा चारों मामलों में जांच एनआईए को सौंपी गई।




### मुख्यमंत्री ने बाल गोपाल योजना में दी 864 करोड़ रुपए की स्वीकृति

## कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को रोज दूध

**जागरूक जनता @ जयपुर।** प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थी नए शैक्षणिक सत्र से रोजाना दूध पीएंगे। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने बाल गोपाल योजना के तहत प्रतिदिन दूध उपलब्ध कराने के लिए 864 करोड़ रुपए के बजट प्रावधान को मंजूरी दी है। गहलोत के इस निर्णय से विद्यार्थियों का पोषण स्तर बेहतर हो सकेगा। वर्तमान में राजकीय विद्यालयों में मिड डे मील की पौष्टिकता बढ़ाने के लिए सप्ताह में 2 दिन मीठा गर्म दूध पिलाया जा रहा है। यह अब शेष चार दिन भी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने बाल गोपाल योजना का शुभारंभ 29 नवंबर 2022 को किया था।

## कोटा, बूंदी एवं बारां जिलों में नहरों, वितरिकाओं एवं माईनरों को बनाया जाएगा मजबूत

### पक्की लाईनिंग एवं खेत सुधार के लिए 367.17 करोड़ रुपए स्वीकृत

**जागरूक जनता @ जयपुर।** कोटा, बूंदी एवं बारां जिलों में नहरों, वितरिकाओं एवं माईनरों को मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 406 किलोमीटर की पक्की लाइनिंग एवं खेत सुधार कार्यों के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। ऐसे 17 कार्यों में 367.17 करोड़ रुपए का व्यय होगा, इनमें वित्तीय वर्ष 2023-24 में 38.72 करोड़ रुपए खर्च होंगे। गहलोत की स्वीकृति से सिंचाई जल नहरों की लाईनिंग एवं नहरी तन्त्र की संरचनाएं मजबूत होंगी। नहरों और वितरिकाओं से पानी का रिसाव भी नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।




## राज्यपाल मिश्र को प्रो. पी.सी. त्रिवेदी ने अपनी पुस्तक की प्रति भेंट की

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र से मंगलवार को राजभवन में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के पूर्व कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र को उन्होंने अपनी पुस्तक 'मॉडर्न प्रैक्टिसेज ऑफ प्लांट पैथोलॉजी' की प्रति भेंट की। उल्लेखनीय है कि प्रो. त्रिवेदी द्वारा लिखित यह पुस्तक वनस्पति शास्त्र से संबंधित आधुनिक तकनीक और पादप रोग विज्ञान के क्षेत्र में उनके शोध कार्यों पर आधारित है। राज्यपाल ने उन्हें बधाई देते हुए पुस्तक की विषय वस्तु की सराहना की।

## शनिवार एवं रविवार को भी होगी समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद

**जागरूक जनता @ जयपुर।** रबी विपणन वर्ष 2023-24 के दौरान समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए किसानों के हित व मांग को मद्देनजर रखते हुए शनिवार व रविवार को भी मंडियों में गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद की जायेगी। इस संबंध में खाद्य विभाग के अतिरिक्त खाद्य आयुक्त ने समस्त जिला कलक्टरों, प्रबंध निदेशक राजफैड एवं तिलम संघ तथा भारतीय खाद्य निगम के महा प्रबंधक एवं नैफेड को निर्देश दिये हैं कि शनिवार एवं रविवार को भी मंडियों में गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा जाना सुनिश्चित करें।




ANCHOR | अफसरशाही

# कौन बनेगा मुख्य सचिव, शर्मा या गुप्ता

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान की राजनीति में तो भाजपा, कांग्रेस और पार्टी अंर्तद्वंद की रार ठनी ही है। अब अफसरशाही में भी पैंतरेबाजी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर राजनीति में उबाल है तो मुख्य सचिव की कुर्सी को लेकर मची धमा चौकड़ी भी कमाल है। अधिकारी भी विधानसभा चुनाव से पहले अपनी कुर्सी के लिए गोटी बिठाने में व्यस्त हो गए हैं। चुनाव से पहले मुख्य सचिव वही बनेगा जो मुख्यमंत्री का खास होगा। यह भी हो सकता है कि कुर्सी बदली ही न जाए।

राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा का जून माह के अंत में सेवानिवृत्ति है। अब यह चर्चा तेज हो गई है कि मौजूदा मुख्य सचिव को एक्सटेंशन मिलेगा या नौकरशाही के नए मुखिया की तलाश की जाएगी। सूत्रों की मानें तो मुख्य सचिव उषा शर्मा की सक्रियता को देखते हुए गहलोत सरकार उनको एक्सटेंशन देने के लिए फाइल दिल्ली भेज सकती है। ऐसे में सरकार की मंशा है कि उषा शर्मा को विधानसभा चुनाव तक एक्सटेंशन मिल जाए। वैसे भी सरकार के पास केवल आचार संहिता लगने तक का ही समय बचा है, जिससे ज्यादा से ज्यादा घोषणाओं को जमीन पर उतारा जा सके। उषा शर्मा को 31 जनवरी 2022 को मुख्य सचिव बनाया गया। उनको केंद्र का लंबा अनुभव है और वे कांग्रेस के एक कद्दावर नेता की रिश्तेदार भी हैं।



#### ये हैं दावेदार, किसका होगा बेड़ापार

**मुख्य** सचिव के लिए अन्य दावेदारों में सुबोध अग्रवाल, शुभ्रा सिंह, राजेश्वर सिंह और रोहित कुमार सिंह हैं। हालांकि शुभ्रा सिंह और रोहित कुमार सिंह केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर हैं। अगर वीनू गुप्ता को मुख्य सचिव बनाया जाता है तो संभवतः राजस्थान ब्यूरोक्रेसी के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा जब पति और पत्नी दोनों मुख्य सचिव बनाए गए हों।

### अगर एक्सटेंशन नहीं तो

नौकरशाही के गलियारों में एक चर्चा यह भी है कि अगर उषा शर्मा को एक्सटेंशन नहीं दिया जाता है तो फिर राज्य में नौकरशाही का नया मुखिया कौन होगा? हालांकि वरिष्ठता के आधार पर कई नाम दावेदारी में हैं। इनमें सबसे प्रमुख नाम 1987 बैच की आईएएस अधिकारी वीनू गुप्ता का है। वीनू गुप्ता का रिटायरमेंट भी इसी साल दिसंबर माह में है। वीनू गुप्ता के पति डीबी गुप्ता भी मुख्य सचिव रहे हैं।

### गहलोत शासन में बने चार मुख्य सचिव

वहीं गहलोत सरकार के शासन में अब तक चार मुख्य सचिव बदले गए हैं। दिसंबर 2018 से लेकर अब तक डीबी गुप्ता, राजीव स्वरूप, निरंजन आर्य और उषा शर्मा को मुख्य सचिव बनाया है।

## पंचांग





ज्योतिर्विद्
अक्षय शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 10/05/2023**

**सूर्योदय :** 05:46 **सूर्यास्त :** 19:00 **चन्द्रोदय :** 24:06 **चन्द्रास्त :** 09:30 **शक सम्वत :** 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना :** वैशाख **पूर्णिमांत :** ज्येष्ठ **सूर्य राशि :** मेष **चन्द्र राशि :** धनु **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** पंचमी, 13:49 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **विक्रम सम्वत :** 2080 नल, **चन्द्रमास ज्येष्ठ** - पूर्णिमान्त **वैशाख** - अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2079 आनन्द

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** पूर्वाषाढ़ा, 16:05 तक
**योग :** साध्य, 18:09 तक
**प्रथम करण :** तैतिल, 13:49 तक
**द्वितिय करण :** गारा, 24:39 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:10 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:31 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | 11:51 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:32 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:00 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:01 पी एम से |
| अमृत काल | 11:44 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:56 पी एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
चन्द्रवास : पूर्व में
राहुवास : पश्चिम में
अग्निवास : पृथ्वी

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| लाभ : 05:45 - 07:24 | उद्वेग : 06:59 - 08:20 |
| अमृत : 07:24 - 09:04 | शुभ : 08:20 - 09:40 |
| काल काल वेला : 09:04 - 10:43 | अमृत : 09:40 - 11:01 |
| शुभ : 10:43 - 12:22 | चर : 11:01 - 12:22 |
| रोग वार वेला : 12:22 - 02:01 | रोग : 12:22 - 01:43 |
| उद्वेग : 02:01 - 03:41 | काल : 01:43 - 03:03 |
| चर : 03:41 - 05:20 | लाभ : 03:03 - 04:24 |
| लाभ : 05:20 - 06:59 | उद्वेग : 04:24 - 05:45 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज पंचमी

**आज कौन सा कार्य करें**

पंचमी समस्त शुभ कार्यों के लिए उत्तम है परंतु इस दिन ऋण कतई नहीं देना चाहिए।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

वैशाख, कृष्ण, पंचमी, 2080 बुधवार, 10 मई - 16 मई, 2023

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
सप्ताह की शुरुआत काफी नकारात्मक रहेगी। आपके भीतर आंतरिक ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। घर पर किसी कारण झगड़ा हो सकता है। चापलूस लोग आपको धोखा दे सकते हैं।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
करियर को लेकर खुशखबरी मिलेगी। घर के लिये नया सामान खरीद सकते हैं। उच्च अधिकारी उन्नति से उत्साहित रहेंगे। अपने से बड़ो की बातें ध्यान से सुनें। बहुत से लोग आपसे जुड़ने का प्रयास करेंगे।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
दूसरों की आलोचना में अपना समय बर्बाद न करें। मन में कुंठा की भावना न पनपने दें। वैवाहिक जीवन में इगो की समस्या हो सकती है। नौकरी पेशा लोगों को सावधानी से काम करना चाहिये।

**वृश्चिक** [तो, ना, नी, नू, या, यी, यू]
नौकरी पेशा जातक धन की लेन-देन को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। निवेश के लिये समय बहुत अच्छा रहने वाला है। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। घर में अनुशासन बनाये रखने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन** [क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह]
परिवार में प्रेम और सामंजस्य अच्छा रहेगा। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को बड़ा पद मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। अपने विचारों को प्राथमिकता दें।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
अपने जीवनमूल्यों को लेकर गौरव की अनुभूति होगी। आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक होगी। परिजनों के साथ वार्तालाप का आनन्द उठायेंगे। कोई पुरानी लेकिन जरूरी वस्तु आपको मिल सकती है।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
नव विवाहित आज काफी रोमांटिक पल बितायेंगे। आपको मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा। नयी सम्पत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आप फोकस बनाये रखें।

**मकर** [भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**व्यापारी** उधार में माल की बिक्री करने से बचें तो उत्तम होगा। ज्यादा लाभ की अपेक्षा आपको नहीं करनी चाहिये। कुछ नकारात्मक प्रकृति के लोग आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
व्यापार में बड़ा जोखिम लेने से आपको बचना चाहिये। जॉब में काम का दबाव कम रहेगा। सामाजिक कार्यों में आपके योगदान की लोग काफी प्रशंसा करेंगे।

**कुंभ** [गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा]
कार्यक्षेत्र में प्रभुत्व तेजी से बढ़ेगा। लवमेट के साथ डेट पर जा सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा। आज आप नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। जिसमें आपको अपेक्षा से बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
प्रिय मित्रों के साथ सम्बन्धों में खटास आ सकती है। परिवार के साथ समय बिताना आपको अच्छा लगेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**कारोबार** को लेकर निर्णय ले सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आज आप घर में लोगों के चहेते बने रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

# पायलट बोले-गहलोत की नेता वसुंधरा, सोनिया नहीं

## चिट्ठी लिखी, अनशन किया पर सीएम ने भ्रष्टाचार पर एक्शन नहीं लिया, 11 से पदयात्रा करूंगा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान सीएम अशोक गहलोत और नेता सचिन पायलट के बीच की लड़ाई अब खुलकर सामने आ गई है। उन्होंने गहलोत के आरोपों पर मंगलवार को खुलकर जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'पहली बार देख रहा हूं कि कोई अपनी ही पार्टी के सांसदों और विधायकों की आलोचना कर रहे हैं। भाजपा नेताओं की तारीफ और कांग्रेस नेताओं का अपमान मेरी समझ से बाहर है। यह पूरी तरह गलत है।'

'मुख्यमंत्री की बातों से लगता है कि उनकी नेता वसुंधरा राजे हैं, सोनिया गांधी नहीं। अपने नेताओं को खुश करने के लिए बहुत सारे लोग बहुत सारी बातें करते हैं, चुगली करते हैं। ऐसी बातें मुझसे भी की जाती हैं, लेकिन मैं मंच पर ये कहूं तो यह शोभा नहीं देता है।'

### सचिन की 2 बड़ी बातें, कहा-अब मैं नाउम्मीद हूं

पायलट ने कहा, 'हमने दिल्ली जाकर अपनी बात कही। वसुंधराजी के भ्रष्टाचार पर कई महीनों से चिट्ठियां लिखीं। अनशन पर बैठा। अब भी जांच नहीं हुई। समझ में आ रहा है क्यों एक्शन नहीं लिया। अब मैं नाउम्मीद हूं। जनता ही भगवान है।' 'जनता के सामने सभी को नतमस्तक होना रहेगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ 11 मई को अजमेर से जयपुर तक यात्रा निकालेंगे। 125 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा होगी और इसमें 5 दिन का वक्त लगेगा।'



**करप्शन मुद्दे पर पायलट कर चुके अनशन**

सचिन पायलट ने भाजपा राज के करप्शन पर कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा उठाते हुए 11 अप्रैल को जयपुर के शहीद स्मारक पर अनशन किया था। पायलट के अनशन से ठीक पहले प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा ने लिखित बयान जारी करके इसे पार्टी विरोधी गतिविधि बताया। इसके बाद विवाद बढ़ा तो एमपी के पूर्व सीएम कमलनाथ ने सचिन पायलट से बात कर मध्यस्थता की। पायलट के अनशन को पार्टी विरोधी बताने पर उठे विवाद को शांत करने के लिए इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया था। अब जुबानी जंग फिर तेज होने लगी है।

### गहलोत ने अमित शाह का पैसा वापस लौटाने की सलाह दी थी

गहलोत ने धौलपुर में पायलट कैंप के विधायकों पर सियासी संकट के वक्त 10 से 20 करोड़ रुपए लेने के आरोप लगाया था। गहलोत ने विधायकों को अमित शाह का पैसा वापस लौटाने की सलाह भी दी। अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और गजेंद्र सिंह शेखावत इन सबने मिलकर हमारी सरकार को गिराने का षड्यंत्र किया। राजस्थान में विधायकों को पैसे बांट दिए। यह लोग पैसा वापस नहीं ले रहे हैं। मुझे चिंता लगी हुई है, ये वापस पैसा क्यों नहीं ले रहे हैं? यह पैसा वापस क्यों नहीं मांग रहे हैं?

### पायलट हर सभा में करप्शन मुद्दा उठा रहे

सचिन पायलट भाजपा राज के करप्शन पर कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा लगातार उठा रहे हैं। शनिवार को बाड़मेर में मंत्री हेमाराम चौधरी के बेटे की याद में बनाए गए हॉस्टल के लोकार्पण के मौके पर हुई सभा में पायलट ने करप्शन का मामला फिर उठाया था। पायलट ने कहा था कि भाजपा राज के करप्शन का मुद्दा उठाने से कई लोग नाराज हुए, लेकिन उसकी कोई परवाह नहीं है। करप्शन के खिलाफ आवाज उठाता रहूंगा। इसके अगले ही दिन धौलपुर के राजाखेड़ा में सीएम गहलोत ने पायलट खेमे पर अमित शाह से पैसा लेने का आरोप लगा दिया। अब इस मुद्दे पर दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है।



# एन.के. पब्लिक स्कूल में पंचायत की कार्यप्रणाली का किया मंचन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आर्य नगर, मुरलीपुरा स्थित एन. के. पब्लिक स्कूल में पंचायती राज व्यवस्था व पंचायत की कार्य प्रणाली का मंचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंध निदेषक डॉ. एन. सी. लुनायच व निदेषक कुलदीप सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभ आरम्भ अतिथियों द्वारा गणेष प्रतिमा के समक्ष दीप-प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पष्चात् विद्यालय की प्राचार्या चित्रा राजे बसेरा द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का मंचन कक्षा सात के विद्यार्थियों द्वारा किया गया व साथ ही ग्रामीण पंचायत की सुन्दर सजीव झांकी सजाई गई (कार्यक्रम का मुख्य विषय बाल विवाह का विरोध व नारी षिक्षा का महत्त्व रहा) विद्यार्थियों द्वारा झांकी में यह दिखाया गया की भारत में आज भी किस प्रकार कन्याओं का कम उम्र में विवाह कर दिया जाता है व उसके भविष्य से किस प्रकार खिलवाड़ किया जाता है। कार्यक्रम में बाल कलाकारों ने एक कन्या के बाल विवाह का मंचन किया। जब इस विवाह को रूकवाया गया तो इसका फैसला पंचायत पर छोड़ा गया कि अब पंचायत ही निर्णय दे कि विवाह होगा या नहीं? पंचायत में पंचों ने समझदारी से बात को समझते हुए लड़की के पक्ष में फैसला दिया व साथ ही न्याय प्रक्रिया का पूर्ण पालन भी किया व ग्रामीणों (कलाकारों) को समझाते हुए कहा कि बाल विवाह एक कानूनन अपराध है। बाल विवाह करने पर 25,000 रूपये का जुर्माना व तीन माह से 5 साल तक की सजा का प्रावधान है।

इसलिए कन्याओं का बाल विवाह नहीं बल्कि उनको षिक्षित कर नारी षिक्षा को महत्त्व दें और समाज से इस प्रकार की कुप्रथाओं को समाप्त करें का सुन्दर संदेष बालकलाकारों की पंचायत द्वारा दिया गया।

शिक्षण संकुल के प्रबंध निदेषक डॉ. एन. सी. लुनायच ने सभी बालकलाकरों को आषीर्वाद दिया व साथ ही कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज वर्तमान समय में स्त्री षिक्षा का महत्त्व बढ़ रहा है। देष के युवा व युवती षिक्षित हो रहे है। समाज व देष का पूर्ण विकास तभी संभव हैं जब देष का हर नागरिक षिक्षित हो चाहे व पुरूष हो या स्त्री। इसलिए हर ऐसी कुप्रथा को समाप्त कर देना चाहिए जो स्त्री की राह का बन्धन हो।

संस्था के निदेषक कुलदीप सिंह ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन कराते रहना चाहिए। सभी विद्यार्थियों में भिन्न-भिन्न प्रकार की योग्यताएँ हैं। यदि विद्यार्थी को समय-समय पर षिक्षकों द्वारा उचित मार्गदर्शन प्राप्त हो तो वह स्वयं अपनी योग्यता समयानुसार प्रदर्षित कर लक्ष्योन्मुखी होगा। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्राचार्या चित्राराजे बसेरा ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

**डॉ पंकज सिंह फाउंडेशन के सहयोग से पत्रकारों को जारी होगा स्वास्थ्य कार्ड**

# निम्स अस्पताल द्वारा "पत्रकार स्वास्थ्य कार्ड" का हुआ विमोचन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** डॉ. पंकज सिंह निदेशक निम्स यूनिवर्सिटी एवं डॉ पंकज सिंह फाउंडेशन के तत्वाधान में पिंक सिटी प्रेस क्लब के सभागार में पत्रकारों के स्वास्थ्य हित मैं "पत्रकार स्वास्थ्य कार्ड" का विमोचन किया। डॉ पंकज सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ पंकज सिंह, सर्वप्रथम सरस्वती माता के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर आयोजन की शुरुआत की। साथ में वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण छाबड़ा पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष राधारमण शर्मा महासचिव रामेंद्र सिंह सोलंकी एवं कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे। पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. राधारमण ने डॉ. पंकज सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया की डॉ पंकज सिंह द्वारा पत्रकारों के लिए जो स्वास्थ्य कार्ड की योजना है वो सच में प्रभावशाली है, स्वास्थ्य कार्ड से पिंक सिटी प्रेस क्लब के सभी पत्रकार को स्वास्थ्य का अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा। कार्ड विमोचन में वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चंद्र छाबड़ा,श्याम माथुर,वीरेंद्र सिंह राठौड़, निरुपमा आदित्य, पारस जैन एवं आशा पटेल का स्वास्थ्य कार्ड दिया गया। पत्रकारों से बातचीत में डॉक्टर पंकज सिंह ने बताया की डॉ पंकज सिंह फाउंडेशन द्वारा हमेशा से निस्वार्थ भावना से जनहित में सामाजिक सरोकार के कार्य करता रहा है, इसी कड़ी में एक पत्रकार जो रात दिन अपने क्षेत्र में बिना वक्त देखे काम करता है अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाता उनके एवं उनके परिवार के लिए पत्रकार स्वास्थ्य कार्ड है। पत्रकार परिवार की महिला सदस्य के लिए भी एक निशुल्क एवं पुख्ता इलाज प्राप्त करने का विकल्प है। इसके साथ साथ पूरा पत्रकार परिवार स्वास्थ्य लाभ ले सकता है।

# गोरमघाट में दौड़ेगी रेलबस, ट्रायल जून में

**जागरूक जनता @ जयपुर।** राजस्थान के पर्यटन में भारतीय रेलवे एक और चांद जोड़ने जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने इसके लिए हर तैयारी पूरी कर ली है। मारवाड़ के निकट गोरमघाट पर पर्यटन को जल्द ही पंख लगेंगे। रेलवे इस ट्रेक को ट्रेन टूरिज्म के रूप में विकसित करेगा। इसके लिए देवगढ़-मारवाड़ के बीच 52.08 किलोमीटर लाइन को मीटर गेज ही रखा जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे ने यह तैया किया है कि इस ट्रेक पर जल्द ही रेलबस चलाई जाएगी। इसके लिए मथुरा से राधा रानी कोच नाथद्वारा पहुंच गया है। जून में इसका ट्रायल होगा। फिर नियमित संचालन होगा। यहां पुराने सिग्नल सिस्टम को भी यथावत रखा जाएगा। गौरतलब है कि इस रेलवे लाइन का निर्माण ब्रिटिशकाल में किया गया था। बरसात के बाद यहां की रौनक और भी बढ़ जाती है।

# एसि.प्रो. डॉ.मंजु बाघमार को सर्वोच्च शिक्षा सम्मान



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रामबाग स्थित सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय की एसि. प्रो. डॉ.मंजु बाघमार को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान पिंकसिटी प्रेस क्लब सभागार में टीवी मीडिया ग्रुप जयपुर प्लस न्यूज की ओर से हुए सर्वोच्च शिक्षा सम्मान समारोह-2023 में प्रदान किया गया। आयोजक सुरेन्द्र साजवान ने बताया कि इस मौके पर राजस्थान लघु उद्योग निगम के चेयरमैन राजीव अरोड़ा, रावत एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर बीएस रावत व वरिष्ठ अधिवक्ता एचसी गणेशिया समेत संपूर्ण शराबबंदी आंदोलन राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम अंकुर छाबड़ा भी मौजूद रहीं। इस मौके पर शिक्षा जगत में बेहतर काम करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया।



**बियानी गर्ल्स कॉलेज में नि :शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर आयोजित**

# हजारो लोगों ने लिया ज्योतिष परामर्श

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान की ओर से निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 2 हजार से ज्यादा लोगों ने ज्योतिषीय लाभ उठाया। लोगों ने वैदिक जन्म कुंडली, लाल किताब, हस्त रेखा, मस्तिष्क रेखा, वास्तु अंकगणित, रमण केपी पद्धति आदि विधाओं से अपनी समस्या का ज्योतिषीय परामर्श लिया। निशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में जयपुर के अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा,जोधपुर, उदयपुर, कोटा, नई दिल्ली, अहमदाबाद के विद्वान ज्योतिषाचार्य अपनी सेवाएं प्रदान की। विशाल निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में 50 से अधिक विद्वान ज्योतिषाचार्य अपनी सेवाएं दी।

# मंसूरी विकास बोर्ड गठन के लिए दिया ज्ञापन

**जागरूक जनता @ जयपुर।** ऑल इंडिया मंसुरी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष वक्फ बोर्ड नायब सदर किशनगढ़ हाजी महबूब भाई ने मंसुरी विकास बोर्ड के गठन के संदर्भ में अशोक गहलोत से उनके निवास पर मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के नाम सीएमएचओ में लेटर दिया गया। मुख्यमंत्री गहलोत की अस्वस्थता के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो पाई। इससे पहले हाजी महबूब भाई ने मुख्यमंत्री गहलोत से मंसुरी विकास बोर्ड के गठन के लिए विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि मंसुरी विकास बोर्ड का गठन हो इसके लिए हम सबको एक मंच पर आना होगा। जो समाज छोटे छोटे है, उनके बोर्ड बन रहे हैं लेकिन हमारा बोर्ड नही बन रहा है।



# नामदेव समाज द्वारा चतुर्थ सामूहिक विवाह संम्पन्न, 15 जोड़े बने हमसफर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** वृन्दावन गार्डन दादी का फाटक मुरलीपुरा मे नामदेव समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा चतुर्थ सामूहिक विवाह मे 15 वर, कन्याओ का विवाह संस्कार धूम धाम से विधिवत संपन्न हुवा। 11वर -वधुओ से सहयोग एवं पंजीयन राशी के 21000 प्रति जोड़ो से प्राप्त हुई एवं चार जोड़ो का पंजीयन निःशुल्क हुवा। अधिकृत प्रवक्ता मोहन नामदेव ने बताया कि आयोजन मे संत जगत गुरु अग्रपिठेश्वर डा. स्वामी राघवाचार्य वेदान्ति, श्री महा मंडलेश्वर कृष्णदास गुवालिया बाबा, ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया। कन्यादान व देहज् स्वरूप नथ, टीका, पायजेब एवं टीवी, फ्रीज आदी के 55 आईटम प्रत्येक जोड़े को समिति ने भेट किये। समाज के सदस्यओ ने अपने बच्चों के विवाह संस्कार सामूहिक कराने की सलाह दी 7समाज के दोनों पक्षों के मेहमान एवं सेवा समिति के करीब 9000 सदस्यों ने स्वरूचि भोजन प्रशादी ग्रहण की।

# शौर्य, वीरता के पर्याय थे महाराणा प्रताप-सैनी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चूरू।** नगरपरिषद् सभापति पायल सैनी ने कहा कि मां भारती के वीर सपूत महान यौद्धा, वीर महाराणा प्रताप की जन्म शताब्दी पर महाराणा प्रताप के वंशज गाडिया लुहारो की बस्ती में जाकर उनके साथ जन्म जयंती का केक काटकर ये यह बात कही। सभापति पायल सैनी ने कहा कि ऐसे वीर पुरुष हमारे प्रेरणा के स्त्रोत हैं। इस जन्म शताब्दी पर पार्षद अली मोहम्मद भाटी, जीवराज शर्मा (गोकुल), विनोद खटीक, समीउल्लाह, पार्षद संजय भाटी, विजय सारस्वत, मनीष खटीक एवं हेमन्त सैनी उपस्थित रहे।

उधर, राउप्रा विद्यालय कोटवाद टिब्बा में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रिछपाल इ्क्षसह चारण ने बताया कि विश्व के इतिहास में महाराणा प्रताप जैसा वीर, त्यागी, शौर्य का प्रतीक योद्धा मिलना कठिन है। उन्होंने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि इतिहास में लोकनायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जैसा वीर योद्धा दुर्लभ है। उन्होंने जंगलों में रहकर घास फूस की रोटी खाकर भी अपने मेवाड़ को परतंत्र नहीं होने दिया और न ही हारे।

## जागरूक खबरें

### वैष्णव बैरागी महासभा विकास समिति ने सौंपा ज्ञापन



**जागरूक जनता @ केकड़ी।** वैष्णव बैरागी महासभा विकास समिति केकड़ी के कार्यकर्ताओं ने समिति अध्यक्ष गोपाललाल वैष्णव रणजीतपूरा के नेतृत्व में रविवार को स्थानीय विधायक एवं पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा को उनके निवास पर पहुंचकर ज्ञापन दिया एवं केकड़ी को जिला बनाने और क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य करवाने पर उनका अभिनंदन किया। समिति के सचिव कैलाशचन्द वैष्णव ने बताया कि वैष्णव समाज के शमसान घाट के पास लोगों के बैठने की व्यवस्था नही है, जिसके कारण दाह संस्कार में आए लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि तेज धूप और वर्षा के समय में भी लोग खुले में बैठने के लिए मजबूर है। समाज के लोगों ने आपसी सहयोग से शमसान के पास मिट्टी के पन्द्रह डम्पर डलवाकर चबूतरा तो बनवा दिया, लेकिन चबूतरे के पक्की दीवार एवं छत पर चद्दर डलवाने की और आवश्यकता है। इस दौरान समिति अध्यक्ष गोपाललाल वैष्णव रणजीतपूरा, सचिव कैलाशचन्द वैष्णव, संगठन मंत्री कृष्णगोपाल वैष्णव बोगला, सलाहकार सदस्य ओमप्रकाश वैष्णव स्यार, बजरंगदास वैष्णव सांकरिया, भैरुदास वैष्णव, गोपीकिशन, परमेश्वर टीलावत, गणेश वैष्णव, मयंक वैष्णव, अनिल कुमार वैष्णव नासिरदा, सांवरिया एवं उमेश सहित कई समाज बन्धु उपस्थित थे।

### शैक्षणिक, प्रसार और अनुसंधान से करवाया रूबरू



**जागरूक जनता @ बीकानेर।** राजस्थान पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतीश के गर्ग ने राज्यपाल कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय की शिक्षा, प्रसार और अनुसंधान प्रगति से अवगत करवाया। इस अवसर पर कुलपति ने आयोजित किये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनिकी हस्तांतरण, नवीन अनुसंधान के साथ-साथ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, वित्तीय सुदृढीकरण और भविष्य की कार्य योजनाओं के बारे में बताया। कुलपति प्रो. गर्ग ने विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी के चलते शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रभाव के बारे में भी कुलाधिपति महोदय को अवगत करवाया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के स्मृति चिन्ह को कुलाधिपति को भेंट किया। इस अवसर पर राज्यपाल के विशेषाधिकारी गोविन्द जायसवाल भी मौजूद रहे।

### डॉ. प्रताप चुने गए उपाध्यक्ष



**जागरूक जनता @ कोटा।** कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के अनुसंधान निदेशक डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ सोयाबीन अनुसंधान और विकास सोसाइटी (भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इन्दौर) के उपाध्यक्ष चुने गए है। बता दें कि डॉ. प्रताप अखिल भारतीय सोयाबीन अनुसंधान परियोजना में पूर्व में नौ वर्षो तक शस्य वैज्ञानिक रह चुके है और कई उन्नत तकनीकियों का विकास इनके नाम है।

### उर्वरक पर खुदरा विक्रेता प्रशिक्षण आयोजित

**जागरूक जनता @ बासंवाड़ा।** कृषि विज्ञान केन्द्र पर15 दिवसीय खुदरा उर्वरक विक्रेता प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को किसान हित में ध्यान रखते हुए कृषि आदान व्यापारिक गतिविधियां करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रभारी डॉ.बीएस भाटी, निदेशक, प्रसार शिक्षा महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर, डॉ.आरए कौशिक ने खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को उपयोगी जानकारियां दीं। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार डॉ. दलीप सिंह ने उर्वरक विपणन प्रणाली और इस के नियमों की जानकारी प्रदान की। आचार्य शस्य विज्ञान डॉ. पीसी.चपलोत ने प्रशिक्षण का महत्व के बारे में बताया। संभागीय निदेशक अनुसंधान, डॉ हरगिलास ने जिले की जल वायु और उसमें होने वाली फसलों की उर्वरक आवश्यकता के बारे में बताया।

### एआई ने डाला बच्चों को कौतूहल में

**जागरूक जनता @ बीकानेर।** बीकानेर के तकनीकी विश्वविद्यालय में छोटे बच्चों का जमावडा रहा। इस दौरान टिंकरिंग लेब में रोबोट को दौडते देखा तो आर्टिफिशयल इंटेलिजेंसी के कमाल देखकर बच्चे अचरज में पड गए। दरअसल, अंत्योदय नगर स्थित रमेश इंग्लिश सैकंडरी स्कूल (आरईएस) के स्टूडेंट्स ने टेक्निकल युनिवर्सिटी के विशेष आमंत्रण पर यहां एज्यूकेशनल ट्यूर किया। इस दौरान कॉलेज में पढाने वाले प्रोफेसर छोटे बच्चों के सवालों के जवाब देते नजर आए। स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर पीयूष हर्ष ने बताया कि टिंकरिंग लेब में बच्चों ने रोबोट देखें। यह भी जाना कि किस तरह रोबोट इंसान के इशारों पर काम करता है। इस दौरान 3डी प्रिंटिंग से भी स्टूडेंट्स रूबरू हुए। कॉलेज के शुभम् ने बच्चों को बताया कि इंजीनियरिंग से कैसे रोबोट तैयार होता है, रोबोट्स के क्या फायदें हैं? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी गई।

### डॉ. नायर की देखरेख में सम्पन्न हुई नीट यूजी परीक्षा

**जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़।** एन. टी. ए. द्वारा आयोजित की जाने वाली नीट यूजी 2023 की परीक्षा सिटी कॉर्डिनेटर डॉ. बिंदु नायर की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई । इस परीक्षा का आयोजन चित्तौड़गढ़ के चार विद्यालयों, हिंद ज़िंक स्कूल , बिरला शिक्षा केन्द्र, नीरजा मोदी और सेन्ट्रल एकेडमी में किया गया । सिटी कॉर्डिनेटर डॉ. बिंदु नायर ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 1392 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1352 ने अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी ।

# उपचुनाव में भंवरी बनी पार्षद

**निकटतम प्रतिद्वंदी हरीश गुर्जर को 38 वोटों से हराया**



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**रींगस।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 32 में हुए उपचुनाव की मतगणना सोमवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में की गई, जिसमे निर्दलीय प्रत्याशी भंवरी देवी ने निकटतम प्रतिद्वंदी हरीश गुर्जर को 38 वोटों से हराया, उन्हें कुल 190 वोट मिले। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम बृजेश कुमार ने बताया कि अन्य प्रत्याशियों में सुमेर निठारवाल को 73, तेजपाल कुमावत को एकमात्र 1 वोट मिला। जबकि पांच लोगों ने नोटा पर बटन दबाया, वार्ड में कुल 457 मतदाता है। जिनमें 421 लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था, मतगणना के बाद विजयी उम्मीदवार भंवरी देवी निठारवाल को एसडीएम बृजेश कुमार, पीठासीन अधिकारी हरलाल सिंह शेषमा, मतदान अधिकारी नरेश कुमार यादव, गोपाल सिंह व जयवीर डाबी ने प्रमाण पत्र देकर शपथ दिलाई। गौरतलब है कि पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 32 के पार्षद मंगल सिंह निठारवाल का 5 अगस्त को निधन हो गया था, उसके बाद से वार्ड नंबर 32 का पद रिक्त पड़ा था। अब मंगलचंद निठारवाल की पत्नी भंवरी देवी इस वार्ड से पार्षद चुनी गई हैं। मतगणना के दौरान राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में डीवाईएसपी विजय सिंह, एसएचओ हिम्मत सिंह मय जाब्ता मौजूद थे।

**प्रधानमंत्री मोदी करेंगे वर्चुअल लोकार्पण**

# मेडिकल कॉलेज का वर्चुअल लोकार्पण आज



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** यहां मेडिकल कॉलेज का वर्चुअल लोकार्पण प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे। इससे पूर्व विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल तकनीक से मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण करने के मद्देनजर मेडिकल कॉलेज का अवलोकन कर प्रिंसिपल डॉ विजय गुप्ता से मेडिकल कॉलेज में हो रहे निर्माणाधीन कार्यो एवं सत्र में चल रही शैक्षिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के छात्रावास आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मनोज पारीक ने बताया कि विधायक आक्या ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की योजना है कि प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक मेडिकल कॉलेज हो जिसे साकार करते हुए केंद्र की मोदी सरकार ने विगत 9 वर्षों में राजस्थान के 33 जिलों में से 23 जिलों को मेडिकल कॉलेज की सौगात देने पर आक्या ने पीएम मोदी का आभार जताया। मेडिकल कॉलेज की लागत की 60 प्रतिशत राशि भी केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही है। इस दौरान कमलेश पुरोहित, सोहन आंजना, तेजपाल रेगर, सुधीर जैन, राजन माली, शैलेंद्र झंवर, रणजीत सिंह भाटी, सत्यनारायण मेनारिया, हरि सिंह जाट, नगर अध्यक्ष सागर सोनी, भंवर सिंह, रोहिताश्व जाट, रतन डांगी, ज्योतिष पुरोहित, गोटूलाल सुथार,एमडी शेख, पन्ना लाल भील, प्रवीण सिंह राठौड़, ओमप्रकाश शर्मा, विश्वनाथ टाक, बालकिशन भोई, रवि विरानी, अनिल सिसोदिया, नरेंद्र पोखरना आदि उपस्थित रहे।

### कलश स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

**जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ।** शम्भूपुरा मे स्टेशन रोड स्थित बालाजी मंदिर पर कलश स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्स्व 10 से 17 मई तक आयोजित होगा। बजरंग कमेटी अध्यक्ष कृष्ण गोपाल न्याती ने बताया कि 10 मई को कस्बे में कलश यात्रा से इस भव्य धार्मिक आयोजन का शुभारम्भ होगा। 10 से 16 मई तक श्री राम कथा का आयोजन श्याम बगीची मे होगा कथा का वाचन साध्वी ऋतु पाण्डेय बागेश्वरी धाम द्वारा किया जायेगा। 13 मई को राष्ट्रीय संत डॉ मिथिलेश नागर द्वारा सुंदरकांड का पाठ, यज्ञाचार्य पं राकेश शास्त्री द्वारा 13 मई से नित्य देवताओं का पूजन व हवन किया जायेगा तथा 10 से 16 मई तक प्रतिदिन श्याम बगीची में शाम 8 बजे से सुंदरकाड एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। वही 17 मई को मूर्ति व कलश प्रतिष्ठा के साथ ही पूर्णाहुति होंगी एवं शाम बगीची में ही कार्यक्रम के अंतिम दिन 17 मई को सुबह 11 बजे से महा प्रसादी का आयोजन होगा।

## रोडवेजकर्मियों को 30 जून तक आवेदन करने पर ही मिलेगा ओपीएस का लाभ

**जागरूक जनता @ चौमू।** रोडवेज कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। सरकार ने रोडवेज कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का विकल्प भरने का एक बार फिर मौका दिया है। इसके लिए उन्हें 30 जून तक आवेदन करना होगा। इसके लिए उन्हें सीपीएफ से निकाली गई अपने हिस्से की पूरी राशि ब्याज समेत जमा करानी होगी। विकल्प पत्र नहीं भरने पर सीपीएफ योजना की पेंशन ही मिलेगी। राजस्थान रोडवेज को निगम का दर्जा होने के कारण रोडवेज कर्मचारियों को सीपीएफ योजना के तहत नाममात्र की ही पेंशन मिल रही है। गहलोत सरकार की और से सरकारी महकमों के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने के बाद रोडवेज कर्मचारी भी इसकी मांग कर रहे थे। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने पिछले दिनों निगम कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की घोषणा की थी। एमडी नथमल डिडेल की ओर से जारी आदेशों में कहा गया है कि पुरानी पेंशन स्कीम के लिए विकल्प पत्र भरकर 30 जून तक देना होगा। इसके बाद मौका नहीं मिलेगा। साथ ही जो कर्मचारी रोडवेज से सेवानिवृत्त हो चुके हैं और जिन्होंने पहले ओपीएस का विकल्प नहीं चुना था उनको भी दोबारा ओपीएस चुनने का विकल्प दिया गया है।

# विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक पाराशर पहुंचे वृंदावन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सवाई माधोपुर।** विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक एवं अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्टीय युवा उपाध्यक्ष मनोज पाराशर द्वारा इन दिनों देश भर में सनातन संस्कृति से युवाओं को जोड़ने की उद्देश्य से संत दर्शन संत वंदन यात्रा चलाई जा रही है ।जिसके तहत पाराशर अपने दो दिवसीय प्रवास पर मथुरा वृंदावन और गोवर्धन पहुंचे वृंदावन पहुंचने पर पाराशर का ब्राह्मण समाज के लोगों के द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक पाराशर ने प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनिरुद्ध आचार्य जी महाराज एवं नागेंद्र जी महाराज से परिवार जनों के साथ पहुंचकर उनके आश्रम पर भेंट की एवं कथा वाचक अनिरुद्ध आचार्य जी महाराज तथा नागेंद्र जी महाराज को सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने पर अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। पाराशर ने बताया कि उनके द्वारा अभी तक देशभर में अयोध्या, वाराणसी खाटू श्याम जी, सालासर, बागेश्वर धाम, मेहंदीपुर बालाजी रणथंभोर आदि देश के विभिन्न धार्मिक स्थानों पर जाकर संत दर्शन संत वंदन कार्यक्रम किया गया। पोरस वृंदावन के बांके बिहारी जी के मंदिर मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि और गोवर्धन में गिर्राज महाराज के मंदिर में पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर पाराशर के साथ नगर परिषद के पूर्व सभापति कमलेश जैलिया समाजसेवी मुकेश शर्मा अनुराधा पाराशर, सुनीता जैलिया समृद्ध, अंश टिमिटीम रवि शर्मा मौजूद थे।

# हज यात्रियों को हज के दौरान अदा किए जाने वाले अरकान का दिया प्रशिक्षण



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौडगढ़।** इस्लाम धर्म के सबसे महत्वपूर्ण अरकान हज और उमराह के लिए इस वर्ष मक्का मदीना जाने वाले करीब 200 यात्रियों का ट्रेनिंग कैम्प रविवार को असरा वेल फेयर सोसायटी के तत्वाधान में शहर के बूंदी रोड स्थित गेबी पीर दरगाह परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें मुम्बई के प्रशिक्षक सैय्यद मोहम्मद कादरी ने हज यात्रियों को हज के दौरान अदा किए जाने वाले अरकानों के बारे में विस्तार से बताया। इस प्रशिक्षण में खासतौर पर महिलाओं को विशेष जानकारी देने के लिए महिला प्रशिक्षक भी मौजूद रहीं।

असरा वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक नूरी ने बताया सोसायटी की ओर से इस वर्ष का जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से हज व उमराह यात्रा पर जाने वाले करीब 200 महिला पुरुषों का प्रशिक्षण शिविर शहर के बूंदी रोड स्थित गेबी पीर की दरगाह पर सुबह 10 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में अनुभवी हज ट्रेनर्स सैय्यद मोहम्मद क़ादरी मुम्बई, मोहम्मद सिद्दीक़ नूरी सहित तीन महिला प्रशिक्षकों ने हज यात्रियों को एहराम बांधना, तवाफ़ करना जैसे सभी अरकानों, सऊदी अरब के कानून, एयरपोर्ट के नियम, हज यात्रा के दौरान आवश्यक वस्तुओं और सावधानियों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से भी हज के अरकान बताए गए। नूरी ने बताया कि इस अवसर पर हज यात्रियों के लिए एक चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया जाएगा। जिसमें एमएस आयुर्वेदा एण्ड यूनानी चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. खालिद अहमद के साथ मोहसिन खान, अव्वल खान और अबु जफर ने सेवाएं देते हुए हज यात्रियों सहित अन्य जरुरतमंद व्यक्तियों को घूटनों और मांस पेशियों का दर्द, जोड़ों का दर्द आदि का यूनानी दवाईयों से उपचार किया।

आखिर में मोहम्मद रशीद शेख सावा व M.M.शेख मोहम्मद सिद्दीक़ नूरी फजलुर रेहमान खान अमजद खान मोहम्मद सिद्दीक़ नूरी अय्यूब खान अब्द सावा ने 200 ही हाजियों का और हज ट्रेनर का और हज खिदमात कमेटी निम्बाहेड़ा के मतलूब अजमेरी उबेद खान और हाजी अब्दुल्लाह खान हाजी अख्तर पटेल का माला और शाल पहनाकर स्वागत कीया

जिसमे लियाक़त अली सोरगर रमज़ान शरीफ छीपा हाजी गुलाम हुसैन वसीम इरफ़ानी भुरु जागीर दार हाजी गुलाम मुस्तफा सहित काफी लोगो ने शिरक़त की।

# जिला दाधीच समाज का प्रथम नि :शुल्क विवाह सम्मेलन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** जिला दाधीच सेवा समिति द्वारा प्रथम निशुल्क दाधीच समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन हनुमान मंदिर में संपन्न हुआ। जिला अध्यक्ष कमलाशंकर त्रिपाठी, सरक्षक नारायणलाल दाधीच ने बताया कि विवाह में कुल 5 जोड़े का पाणिग्रहण संस्कार हुआ जिसमें से एक तुलसीजी व शालिग्राम जी भगवान का जोड़ा था। आयोजक संयोजक प्रेमचंद शर्मा सेमलपुरा, आयोजक कोषाध्यक्ष दिनेश काकड़ा ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि शांतिलाल ओझा, पछमता, विशिष्ट अतिथि पंडित राम कुमार दाधीच कोटा पूर्व अध्यक्ष महासभा, लक्ष्मीनारायण दाधीच अध्यक्ष महासभा, शिवदयाल शर्मा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष महासभा, ओमप्रकाश भट्ट अध्यक्ष दाधीच समाज चित्तौड़गढ़, चंद्रभान सिंह आक्या विधायक चित्तौड़गढ़ थे। पाणिग्रहण संस्कार की व्यवस्था शंकर लाल जोशी खरताना, संजय जोपट व राम प्रसाद तिवाडी कुचेरा वालों ने संभाली। महिला संगीत का संयोजन अंजू दाधीच ने किया महिला संगीत में रेखा जोपट, ज्ञान किरण, सरोज दाधीच, उषा तुलछीया, रेनू दाधीच, रजनी दाधीच, माया दाधीच, मीनाक्षी श्रिया, डिंपल, पूजा जोशी, सरोज दाधीच आदि समाज की महिलाओं ने भाग लिया। भजन संध्या का आयोजन प्रवीण दाधीच बबराना ने किया। सम्मेलन में प्रेमशंकर शर्मा बागुंड, प्रेम शंकर जोशी कपासन, पुरुषोत्तम लाल व्यास कपासन, ओम प्रकाश भट्ट भूपालसागर, भेरूलाल पंचोली भालोटा की खेड़ी, शंकर लाल जोशी सोनियाणा, निरंजन जोशी बेगू, कैलाश दाधीच सांवरिया जी, सोहनलाल जोपड़, घनश्याम दाधीच, सुरेश शर्मा योग गुरु, अशोक त्रिपाठी दीपक दाधीच आदि समाज जन उपस्थित थे।

**ANCHOR** पैसे नहीं, करोड़ों के स्कूल बनाकर सरकार को दे रहे

# बेहतरीन स्कूल भवन सरकार को सौंपना बनी प्रतिष्ठा की बात



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जालौर।** सरकारी स्कूलों में कमरों की कमी या एक कमरे में दो-दो, तीन-तीन कक्षाओं की तस्वीरें सामने आती हैं। राजस्थान के जालोर में स्थिति इसके बिल्कुल उलट है। यहां गांवों में बेहतरीन स्कूल भवन बनवाने की जैसे होड़ चल रही है। दो से लेकर 4-5 करोड़ रुपए तक की लागत के स्कूल बनवाकर गांव वाले सरकार को भेंट कर रहे हैं। जालोर के गांवों में बड़ी संख्या में प्रवासी हैं। स्कूल बनवाने वाले ज्यादातर ये ही लोग हैं लेकिन अगर किसी गांव का कोई बड़ा सेठ नहीं है तो कई लोग मिलकर वैसा ही स्कूल बनवा रहे हैं। इस अनूठी होड़ से गांवों के बच्चों और शिक्षकों को आधुनिक सुविधाओं वाले बेहतरीन स्कूल भवन मिल रहे हैं। अपने गांव के स्कूल से लगाव ऐसा है कि सरकार को स्कूल बनवाने के लिए पैसा देने की बजाय खुद स्कूल भवन बनवाकर सरकार को सौंपते हैं। निर्माण की गुणवत्ता का ध्यान उतना ही रखा जाता है, जितना खुद का घर बनाते समय रखा जाता है। जालोर से भीनमाल के बीच आकोली में पुराने स्कूल परिसर में ही गुलाबी पत्थरों से एक नई इमारत बन रही है। 2.20 करोड़ की लागत से यहां जितेंद्र खिंवेसरा अपने माता-पिता के नाम पर स्कूल बनवा रहे हैं। गांव रेवतड़ा में पाबुदेवी गोराजी ट्रस्ट 4.16 करोड़ से, गुडाबालोतान में कांतिबाई रामानी ट्रस्ट 2.25 करोड़ की लागत से, भुंडवा में महावीर जैन श्वेतांबर पेढ़ी 3.30 करोड़ से तो दादाल में छत्र शांति चेरिटेबल संस्था 2.51 करोड़ से स्कूल बनवा रही है। बी ढाणी में मनोजकुमार, पांचाराम बिश्नोई 2.26 करोड़ से स्कूल बनवा रहे हैं। वहीं हाड़ेचा में बाबूलाल भंसाली 3.05 करोड़ से स्कूल बनवाएंगे। भंसाली इससे पहले गांव में अस्पताल और दो स्कूल बनवा चुके हैं।

#### दर्जनभर नए स्कूल बन रहे

जिले में ऐसे दर्जनभर स्कूल बन रहे हैं। इतने ही बनाकर सरकार को सौंपे जा चुके हैं। नरसाणा गांव में पूर्व ग्रामसेवक जसवंतसिंह बालावत के नेतृत्व में भवन निर्माण समिति 2.28 करोड़ से स्कूल बनवा रही है। जसवंत कहते हैं- हमारे गांव में कोई बड़ा दानदाता नहीं है। हम बहुत सारे प्रवासियों के सहयोग से स्कूल बनवा रहे हैं। फर्नीचर सहित एक कमरे के लिए 7.50 लाख रुपए का योगदान लिया गया है। इस तरह 18 कमरे और तीन हॉल बन रहे हैं। हम डिजिटल बोर्ड और सोलर प्लांट भी लगाकर देंगे। गांव ओटवाला में सुभाष राजपुरोहित ने 3.51 करोड़ की लागत से स्कूल बनवाया है। मुंबई में बिजनेस करने वाले सुभाष बताते हैं,'इसी गांव के स्कूलों में पढ़कर हम आगे बढ़े हैं। हमारे समय सुविधाएं नहीं थी लेकिन अब गांव के बच्चों को बेहतरीन स्कूल मिलना चाहिए, यह सोचकर स्कूल बनवा दिया।

#### श्रेष्ठ स्कूल, प्रतिष्ठा का सवाल

जालोर के शिक्षक और एनसीईआरटी की सिलेबस कमेटी के सदस्य संदीप जोशी कहते हैं,'यहां स्कूल बनवाने वाले निर्धारित लागत से कहीं ज्यादा पैसा खर्च कर देते हैं। यह प्रतिष्ठा का सवाल हो जाता है कि हमारे गांव का स्कूल सर्वश्रेष्ठ हो। बस, इन्हें थोड़ा और प्रोत्साहन चाहिए।'

### उद्यान विभाग की योजनाओं में अनुदान आवेदन 15 तक

**जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ।** उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में आवेदन करने वाले किसानों को अब अनुदान के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। राज्य सरकार ने विभाग के माध्यम से संचालित सभी योजनाओं में किसानों के चयन का कार्यक्रम जारी कर दिया है। उद्यान आयुक्तालय की गाइडलाइन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न योजनाओं में अनुदान के लिए आवेदन करने वाले किसानों का लॉटरी से चयन 25 मई तक किया जाएगा। विभाग की सभी योजनाओं में किसान चयन के लिए एक साथ लॉटरी निकाली जाएगी। चयन प्रक्रिया में दिनांक 16 जून से आवेदन करने वाले कृषकों को सम्मिलित करते हुये 15 मई तक ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने वाले कृषकों एवं पूर्व वित्तीय वर्ष 2022-23 मेंजिन कृषकों ने राज किसान साथी पोर्टल व ई-मित्र पोर्टल पर आवेदन किया गया था, परन्तु उनका चयन/वरीयता सूची में नाम नहीं आने के कारण लाभान्वित नहीं किया गया उन कृषकों के आवेदन पत्र राज किसान साथी पोर्टल पर वर्ष 2023-24 हेतु केरी फॉरर्वड करते हुए पात्र माना जावेगा।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23

# मुफ्त दवा देने में राजस्थान देश में पहले नंबर पर

## सरकारी अस्पतालों में 76% को मिल रही दवा, 14 करोड़ मरीजों को मिला फायदा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को मुफ्त दवा देने के मामले में देश में राजस्थान पहले पायदान पर है। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में 76.02 फीसदी मरीजों को मुफ्त दवा मिल रही है। दूसरे नंबर पर बिहार और तीसरे नंबर पर तेलंगाना राज्य है। यह खुलासा राज्यों के दवाओं की उपलब्धता की सॉफ्टवेयर के जरिए मॉनिटरिंग करने वाले केंद्र सरकार के ड्रग्स एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम (डीवीडीएमएस) की अप्रैल-2023 की रिपोर्ट में हुआ है। बता दें, दो अक्टूबर -2011 से संचालित नि:शुल्क दवा योजना में बजट 195 करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर अब 1200 करोड़ रुपए हो गया है। वर्ष-2022-23 में इस योजना के तहत 14 करोड़ मरीज लाभान्वित हुए।



### मेडिकल कॉलेज में 1226 नि:शुल्क दवा

चिकित्सा संस्थान दवा सर्जिकल सूचर्स कुल मेडिकल कॉलेज
1226 174 153 1553 जिला अस्पताल 715 156 64 935
सीएचसी 554 124 38 716 पीएचसी 417 85 16 518

### प्रदेश स्तर का बजट

| वित्तीय वर्ष | बजट | वित्तीय वर्ष | बजट |
|---|---|---|---|
| 2017-18 | 727.27 | 2018-19 | 489.46 |
| 2019-20 | 788.33 | 2020-21 | 962.73 |
| 2021-22 | 1150 | *(बजट करोड़ों में है)* | |

### कहां कितने लाभार्थी

| राज्य | लाभार्थी (% में) | राज्य | लाभार्थी (%) |
|---|---|---|---|
| राजस्थान | 76.02 | बिहार | 66.94 |
| तेलंगाना | 60.46 | मध्यप्रदेश | 52.87 |
| हरियाणा | 52.24 | यूपी | 48.94 |

"प्रदेश के अस्पतालों में मरीजों की संख्या का लगातार ग्राफ बढ़ रहा है। दवाओं की उपलब्धता की मॉनिटरिंग की जा रही है।"
-डॉ. रामबाबू जायसवाल, स्टेट नोडल अधिकारी, निशुल्क दवा योजना

# प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी अभी और होगी तेज

## बाड़मेर, कोटा, फलौदी में पारा 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचा, बढ़ेगा पारा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोटा, भीलवाड़ा, जोधपुर समेत राज्य अब गर्मी तेज हो गई। कल राज्य 15 शहरों में दिन का तापमान अब 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। जयपुर, पिलानी, अजमेर समेत अन्य दूसरे शहरों में दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। यहां दिन में झुलसाने वाली धूप होनी शुरू हो गई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले 2-4 दिन में राज्य में गर्मी और तेज होगी और पारा कई शहरों में 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच आ जाएगा। बाड़मेर भी बीते दिनों सबसे अधिक गर्म शहर दर्ज हुआ। यहां का अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यहां दिन में हल्की गर्म हवाएं भी चली। यही स्थिति कल कोटा, जैसलमेर, फलौदी, टोंक, बारां और सिरोही की रही। यहां भी तापमान बढ़कर 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक राज्य में अब अगले 4-5 दिन मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा और दिन में तेज गर्मी रहेगी। वहीं, वेर्स्टन राजस्थान के बाड़मेर, जालोर, जैसलमेर, बीकानेर, फलौदी एरिया में तापमान में बढ़ोतरी होगी। इस बेल्ट में अगले दो-तीन दिन में हल्की स्पीड से हीटवेव भी चल सकती है।



### पानी की मांग बढ़ी

**गर्मी** बढ़ने के साथ ही शहरों और गांवों में कूलर चलने शुरू हो गए, जिससे पानी की मांग भी बढ़ गई। जयपुर शहर में कई जगहों पर पानी की सप्लाई पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। प्रताप नगर, जगतपुरा, मालवीय नगर समेत कुछ स्थानों पर पानी की सप्लाई टाइम में थोड़ी कमी हो गई। इसके साथ ही इन एरिया में कम प्रेशर के साथ नलों से पानी की सप्लाई हो रही है। वहीं बाजार में भी गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। ज्यूस, शिकंजी समेत दूसरे ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है।

# 'द केरला स्टोरी' पर देशभर में प्रतिबंध लगाने की मांग पर सुनवाई 15 को



**जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** फिल्म 'द केरला स्टोरी' को लेकर जारी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मध्य प्रदेश और यूपी में यह फिल्म टैक्स फ्री हो गई है। वहीं तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में फिल्म पर रोक लगा दी गई है। इस फिल्म पर जारी विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। केरल हाई कोर्ट ने फिल्म पर बैन लगाने से इंकार कर देने के बाद याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई के लिए इस मामले को 15 मई की लिस्टिंग में जगह दी है।

### सुप्रीम कोर्ट में 15 मई को सुनवाई

**सीनियर** एडवोकेट कपिल सिब्बल ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस मामले को सुना जाए। सुप्रीम कोर्ट इस फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार करने वाले केरल उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के खिलाफ एक अपील पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। शीर्ष अदालत ने मामले को 15 मई को सुनवाई का आदेश दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का फिल्म को लेकर कहा कि 'द कश्मीर फाइल्स' क्यों आई? ताकि एक वर्ग को अपमानित किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि द केरल स्टोरी क्या है? यह भी एक गलत तरह से पेश की गई कहानी है। वहीं बंगाल सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए इस फिल्म के निर्माता विपुल शाह ने कहा, अगर उन्होंने ऐसा किया है, तो हम कानूनी कार्रवाई करेंगे।

JHLM NIDHI LTD.
(incorporated under the Companies Act, 2013) Registered by ministry of Corporate Affairs, Govt. of
Reg. No.: U65999RJ2022PLN080795 PAN: AAFCJ5705M TAN: JPRJ10126E
RD, FD सुविधा उपलब्ध
लोकल, वीकली, डेली वेजेज के लिए कम कागजी कार्रवाई में लोन सुविधा
Contach Us
Mo.- +91 85610 88777
Head office : S-30, Second Floor, Dwarika Tower, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur (Raj.) Phone No.: 0141 404/6/8
Helpline +91 8824511119 0141-4047678

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायुपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

पर्यावरण की चिंता : सरकारी पैनल की सिफारिश

# डीजल के फोर व्हीलर 4 साल बाद सड़कों से हटने के आसार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** सरकार ग्रीन एनर्जी से चलने वाली गाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए 2027 तक डीजल वाले फोर व्हीलर पर पाबंदी लगा सकती है। तेल मंत्रालय पैनल ने हाल ही इसकी सिफारिश की है। पैनल ने कहा कि कार्बन उर्त्सजन से बचने के लिए 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों, खासकर प्रदूषित शहरों में डीजल के बदले इलेक्ट्रिक और गैस संचालित गाड़ियां होनी चाहिए। पैनल का सुझाव है कि 2024 से सिटी बसों के बेड़े में डीजल की बसों को शामिल नहीं करना चाहिए। साथ ही 2030 तक सिटी बसों के बेड़े में ऐसी बसें नहीं होनी चाहिए, जो इलेक्ट्रिक नहीं हो। सरकारी पैनल ने कार्गो की आवाजाही के लिए रेलवे के अलावा गैस से चलने वाले ट्रकों के अधिक इस्तेमाल पर भी जोर दिया है। अगर सरकार पैनल की सिफारिश पर मुहर लगा देती है कि डीजल गाड़ियां बनाने वाली कंपनियों को झटका लगेगा।

### ग्रीन एनर्जी को बढ़ावे के लिए

भारत ग्रीन हाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जकों में शामिल है। सरकार 2027 तक शून्य ग्रीन गैस उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए ऊर्जा की कुल मांग का 40% हिस्सा ग्रीन एनर्जी से हासिल करना चाहती है। भारत का लक्ष्य 2030 तक फ्यूल गैस की हिस्सेदारी मौजूदा 6.2% से बढ़ाकर 15% करना है।

कर्नाटक चुनाव : परिणाम 13 को

# प्रचार खत्म, आज मतदान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बेंगलुरू।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान समाप्त हो गया। अब कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को वोट डाले जाएंगे। और 13 को कर्नाटक विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आएगा। अब राजनीतिक दलों को कल मंगलवार से केवल डोर-टू-डोर प्रचार की अनुमति है। कर्नाटक राज्य के तीन प्रमुख राजनीतिक दलों- बीजेपी, कांग्रेस और जेडीएस ने मतदाताओं को रिझाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सोमवार से सभी पार्टियों के बड़े–बड़े नेताओं का तूफानी दौरा थम गया। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को वोट डाले जाएंगे। और 13 को कर्नाटक विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आएगा। कर्नाटक का ताज किसके सिर सजेगा, जनता सहित पार्टियों को भी इसका इंतजार रहेगा। कांग्रेस कर्नाटक का नया मुख्यमंत्री देगी या फिर भाजपा। या फिर सबको चौंकाते हुए जेडीएस बनेगी किंगमेकर। अब इंतजार कीजिए 13 मई का। जब होगी कर्नाटक विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती और आएगा परिणाम। अब राजनीतिक दलों को कल मंगलवार से केवल डोर-टू-डोर प्रचार की अनुमति है।

# कूनो में एक और चीते की मौत, अब 17 बचे

## मेटिंग के दौरान मेल चीते ने पंजा मारकर घायल किया था

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**श्योपुर।** श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में फीमेल चीता दक्षा की मौत हो गई। दक्षा को इसी साल दक्षिण अफ्रीका से कूनो लाया गया था। मुख्य वन्य संरक्षक जेएस चौहान ने इसकी पुष्टि की है। बताया गया है कि मेल चीते को दक्षा के बाड़े में मेटिंग के लिए भेजा गया था। मेटिंग के दौरान ही दोनों में हिंसक इंटरेक्शन हो गया। मेल चीते ने पंजा मारकर दक्षा को घायल कर दिया था। कूनो नेशनल पार्क की मॉनिटरिंग टीम को दक्षा घायल हालत में मंगलवार सुबह मिली थी। उसे इलाज के लिए ले जाया गया। दोपहर करीब 12 बजे उसकी मौत हो गई। पिछले डेढ़ महीने में कूनो नेशनल पार्क में 3 चीतों की मौत हो चुकी है। यहां अब 17 चीते ही बचे हैं।

### कुछ समय पहले ही मेल चीतों को किया था बाड़े में शिफ्ट

**दक्षा** को एक नंबर बाड़े में रखा गया था। पिछले दिनों कूनो में हुई चीता टास्क फोर्स के अधिकारियों ने 7 नंबर बाड़े में मौजूद दक्षिण अफ्रीका से लाए गए मेल चीते कोयलिशन, अग्नि और वायु को फीमेल चीता से मिलाने का निर्णय लिया था। 7 और 1 नंबर बाड़े के बीच की जाली को हटाकर उन्हें एक साथ कर दिया गया था।

पितृ दोष दूर करिए
पितृ मोक्ष की राह हुई आसान
16 दिन नियमित कराएं श्री गया जी में पितृ श्राद्ध

श्री गया जी में पूरे पितृ पक्ष के दौरान रहने, खाने एवं रुकने की व्यवस्था, पंडितों की दक्षिणा, 16 दिनों तक हवन, पिंडदान एवं ब्राह्मण भोजन की व्यवस्थाओं के चलते लाखों रुपए का खर्चा होता है। जिसे आम आदमी वहन नहीं कर पाता। इसलिए ऐसे लोगों के लिए नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट ने कम खर्चे में पितृ श्राद्ध जैसा पुण्य कार्य करवाने का बीड़ा उठाया है। प्रत्येक यजमान के साथ पिंडदान कार्य करवाने के लिए अलग से ब्राह्मण की व्यवस्था सहित इसके लिए श्राद्ध कर्म में होने वाले सम्पूर्ण व्यय का आधा खर्चा संस्था वहन करेगी। जिसमें आने-जाने का किराया भी शामिल है। ये व्यवस्था लाखों में नहीं अपितु हजारों में ही हो जाएगी।
पहले आओ, पहले पाओ संख्या सीमित है
आप सोचेंगे कि अभी तो श्राद्ध पक्ष में बहुत समय बाकी है, लेकिन ऐसा नहीं है। श्री गयाजी में अभी से तैयारियां होने लग गई हैं। इसलिए ऐनमौके पर व्यवस्था करने में कठिनाई होती है। अत: श्राद्ध कराने के इच्छुक निम्न नंबरों पर अभी से सम्पर्क कर सकते हैं :-
मो. नं. 8561088777, 9928022718, 9829118962
-: सौजन्य से :-
नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट

संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## परीक्षा की घड़ी

**परीक्षा** देने के बाद परिणाम का सबको बेसब्री से इंतजार रहता है । जी हाँ, बच्चों की बोर्ड परीक्षा के बाद, अब परिणाम की घोषणा जल्दी होने वाली है। 10वीं और 12वीं के स्टेट बोर्ड और सेंट्रल बोर्ड , कला, विज्ञान, और वाणिज्य के परिणाम जल्दी घोषित हो जाएंगे। उसके साथ ही शुरू हो जाएगी एक प्रतिस्पर्धा माता-पिता और स्कूल सब के सब सोशल मीडिया पर अपने बच्चों की मार्कशीट की कॉपियां पोस्ट करते नजर आएंगे। स्कूलों में टॉपर बच्चों की फोटो के बैनर छपना शुरू हो जाएंगे। कुछ बच्चे अपनी मेहनत का मीठा फल पाएंगे ,तो कुछ बच्चे अध पका फल ही चख पाएंगे। यह समय बच्चों और उनके माता-पिता के लिए सबसे बड़ी परीक्षा की घड़ी का समय है। भले ही बच्चे ने अपने परीक्षा पेपर में अपनी योग्यता अनुसार जो लिखा हो, परीक्षा परिणाम ही उसके पूरे वर्ष का लेखा-जोखा निश्चित करता है। अभिभावकों की जिम्मेदारी तब बढ़ जाती है, जब परीक्षा परिणाम सोच से परे आ जाए। उस समय बच्चे पर दोषारोपण और पूरे साल उसके द्वारा व्यर्थ गवाए समय की सूची याद दिलाने के स्थान पर, उसे धैर्य और प्रेम से समझाने का प्रयास करें, क्योंकि यह समय जितना अभिभावकों के लिए कठिन होता है ,उससे कई ज्यादा उस बच्चे के लिए कठिन होता होगा जो अपने साथ के मित्रों को अपने से एक पायदान आगे बढ़ता देख रहा है या अपनी मेहनत का उचित फल किसी कारणवश नहीं प्राप्त कर पाया। इसलिए उसकी मनोदशा समझे और नतीजा जो भी हो अभिभावक और गुरु दोनों अपने बच्चों और छात्रों का मनोबल गिरने नहीं दें। क्योंकि परीक्षा हर साल हो सकती है, मगर बच्चे का गिरा हुआ मनोबल कब उसके वैक्तित्व का हिस्सा बन जाता है इसकी सेंध किसी को नहीं लग पाती। इसलिए अभिभावक व बच्चे दोनों ही समझे, यह परिणाम वार्षिक है और आपका मनोबल, उत्साह, कुछ कर दिखाने की उम्मीद, जीवन पर्यंत है। इस उम्मीद को बनाए रखना आवश्यक है। परीक्षा परिणाम जो भी हो अपने आप पर और अपनी मेहनत पर विश्वास ना खोए। एक उज्जवल भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामाएँ...

*(ये लेखक के अपने विचार है)*



नविता
पत्रकार
@jagrukjanta.net

### महंगाई राहत कैम्प ने रचा सफलता का नया सोपान

# गारंटी कार्ड वितरण का आंकड़ा 3 करोड़ के पार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में आयोजित किये जा रहे महंगाई राहत कैम्प लोगों की जिंदगी में बड़ा बदलाव लाकर सफलता के नित नए सोपान रच रहे हैं। जन कल्याणकारी योजनाओं में रजिस्ट्रेशन के बाद दिए जा रहे मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड का आंकड़ा मंगलवार को 3 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वयं उदयपुर के गंगूकुंड में आयोजित महंगाई राहत कैंप में लाभार्थी नफीसा बानो को तीन करोड़वां गारंटी कार्ड सौंपा। कैम्पों से लाभान्वित परिवारों का आंकड़ा मंगलवार शाम तक 71.03 लाख तक पहुंच चुका है। वहीं, अब तक 3 करोड़ 20 लाख से अधिक मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किये जा चुके हैं।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मंगलवार शाम तक इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 24.62 लाख, मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना में 44.46 लाख, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 4.35 लाख, मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना में 47.69 लाख, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 23.17 लाख एवं इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 3.43 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 24.08 लाख, मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना में 32.95 लाख, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 57.61 लाख एवं मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 57.61 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए हैं।



### सैनेटरी नैपकिन के पर्यावरण अनुकूल निस्तारण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला

# सैनेटरी नैपकिन के पर्यावरण अनुकूल निस्तारण करने हेतु कारगर उपाय खोजना एक चुनौति

**जयपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि आई एम शक्ति उड़ान योजना के तहत सैनेटरी नैपकिन के पर्यावरण अनुकूल निस्तारण करने हेतु कारगर उपाय खोजना एक चुनौति है जिसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग पूर्ण संकल्प के साथ कार्य कर रहा है। निदेशालय महिला अधिकारिता, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और सेंटर फॉर साइंस एनवायरनमेंट, न्यू दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान और यूएनएफपीए के सहयोग से वानिकी प्रशिक्षण संस्थान में सैनेटरी नैपकिन पर्यावरण अनुकूल निस्तारण हेतु आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए श्रीमती भूपेश ने कहा कि आईएम शक्ति उड़ान योजना के तहत 10 से 45 वर्ष की महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध करवाने के साथ ही महावारी स्वच्छता के प्रति जागरूक को भी इसके साथ जोड़ा गया है। आईएम शक्ति उड़ान योजना में इसके साथ ही निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरण से राजस्थान में प्रति माह 12 से 15 करोड़ सैनेटरी नैपकिन का पर्यावरण अनुकूल निस्तारण किया जाने की आवश्यता है। इस चुनौति को ध्यान में रखकर विभाग की ओर से विभिन्न विभागों व सामजिक संस्थाओं के साथ मिलकर वृहद विचार मंथन कर नीति बनाये जाने पर भी कार्य किया जा रहा है।



# स्कूल के लिए स्वीकृत किए ₹184900

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पिंडवाड़ा।** विधायक गरासिया ने सिवेरा स्कूल में दिया फर्नीचर/आबू पिंडवाड़ा विधायक ने राउमा स्कूल सिवेरा में छात्र छात्राओं के फर्नीचर की समस्या को सुनकर तुरन्त 184900 रु स्वीकृत करके 100 स्टूल टेबल अपने कोटे से विद्यालय में भेंट किये। इस सम्बंध में शिक्षक जसवंत सिंह व भीम सिंह ने उनके निवास पर भेंट करके छात्रों के बैठने की समस्या को लेकर बात की। विधायक समाराम गरासिया ने तुरंत फर्नीचर देने का वायदा किया और जिला परिषद ने राशि स्वीकृत करके कार्य कारी एजेंसी समग्र शिक्षा को बनाया और समग्र शिक्षा ने फर्नीचर खरीद कर सोमवार को विद्यालय में पहुचा दिया। विधायक के इस कार्य की गाव में प्रशंशा की गई। वही छात्रों में फर्नीचर को लेकर अपार उत्साह है। इसी क्रम में स्टाफ व ग्रामवासियो ने भी 71 स्टूल टेबल की राशि 100000 शामिल की थी। अब स्कूल में 171 स्टूल टेबल हो गए है। प्रधानाचार्य बाबुलाल मीणा व ग्राम वाशियो ने विधायक की पुनित कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है।

# घुमन्तु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष का नारायण सेवा ने किया सम्मान



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** उदयपुर दौरे पर आए राज्यमंत्री एवं विमुक्त घुमन्तु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष उर्मिला योगी का नारायण सेवा संस्थान ने मेवाड़ी परम्परा से स्वागत अभिनंदन किया। मीडिया एवं जन सम्पर्क अधिकारी भगवान प्रसाद गौड़ ने उन्हें साहित्य सामग्री भेंट करते हुए संस्थान की 38 वर्षीय निःशुल्क सेवाओं व वर्तमान प्रकल्पों की जानकारी दी। मंत्री ने संस्थान की सेवाएं देखने की इच्छा जताई। इस दौरान विष्णु शर्मा हितैषी, ओ पी महात्मा और अशोक शुक्ला मौजूद रहे।

## 21 मई को 1494 केन्द्रों पर 5 लाख 21 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी देंगे पीटीईटी परीक्षा

**जागरूक जनता @ जयपुर।** दो वर्षीय बीएड एवं चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए-बीएड एवं बीएससी/बीएड कोर्स में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली पीटीईटी परीक्षा-2023 में 5 लाख 21 हजार 576 अभ्यर्थी भाग्य आजमाएंगे। 1494 केन्द्रों पर दो वर्षीय बीएड हेतु 3 लाख 42 हजार 873 एवं चार वर्षीय बीएड हेतु 1 लाख 78 हजार 703 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।जयपुर जिले से सर्वाधिक 67 हजार 931 एवं जैसलमेर जिले से सबसे कम 4 हजार 540 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बांसवाड़ा स्थित गोविंद गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय द्वारा आगामी 21 मई को प्रदेशभर में पीटीईटी परीक्षा-2023 का आयोजन किया जाएगा।

### पी एम मोदी की सभा में आने का दिया न्यौता

# सांसद दीया ने आमजन से की मुलाकात

## महिला सफाईकर्मियों के साथ किया संवाद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**राजसमंद।** सांसद दीया कुमारी ने 10 अप्रैल को प्रातः लालबाग नाथद्वारा के दामोदर लाल स्टेडियम में होने वाली पी एम नरेंद्र मोदी की जन सभा और दौरे को लेकर आज पुनः सभा स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### स्वच्छता कर्मियों से की बातचीत

सभा स्थल क्षेत्र में मौजूद महिला सफाई कर्मियों से बातचीत कर उनके हालत जाने व सामूहिक चित्र खिंचवाए। इस दौरान महिला सफाईकर्मियों ने सांसद दीया कुमारी को बताया कि इतने वर्षों में यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री मोदी के आने की खबर से पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है, हम सब पूरे जोश के साथ व्यवस्था और तैयारी में लगे हैं। सांसद दीया कुमारी ने प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, भाजपा संभाग प्रभारी हेमराज मीणा, राजसमंद संगठन प्रभारी वीरेंद्र सिंह चौहान, नाथद्वारा नगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप काबरा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरदयाल सिंह चौहान, मदन सिंह चौहान सहित अनेक कार्यकर्ताओं के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आमजन से मुलाकात कर पी एम मोदी की आमसभा में आने का न्योता दिया।



### मावली मारवाड़ ब्रॉडगेज का होगा शिलान्यास

**वर्षों** से लंबित मावली मारवाड़ ब्रॉडगेज परियोजना के प्रथम चरण में नाथद्वारा देवगढ़ तथा चारभुजाजी से भटेवर राष्ट्रीय राजमार्ग 62 के प्रथम चरण के शिलान्यास के साथ अन्य शिलान्यास भी पीएम मोदी द्वारा किए जाएंगे। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय सड़क और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी उपस्थित रहेंगे।

ANCHOR | महाराणा प्रताप जयंती

# वाहन रैली का सर्व समाज ने किया स्वागत

## कबिनेट मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने दिखाई हरी झण्डी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**मेहंदीपुर बालाजी।** क्षेत्र में वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की 483 वी जयन्ती धूमधाम से मनाई गई साथ ही महारणा प्रताप की जयन्ती के उपलक्ष्य मेंविशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के राजपूत समाज के लोगों ने वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयन्ती के उपलक्ष्य में एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया वाहन रैली का दांतली गांव में केबीनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। इससे पूर्व वाहन रैली में शामिल होने राजपूत समाज के लोग सफेद कुर्ता एवं केसरिया साफा बांधकर अपने अपने वाहनों से दांतली गांव में जुट गए तथा 11 बजे जैसे ही कबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने वाहन रैली को हरी झंडी दिखाई राजपूत समाज के लोग महाराणा प्रताप की जय के जयकारे लगाते हुए रवाना हुए वाहन रैली दांतली से शुरू होकर मेहदीपुर, गहरौली, से बालाजी कस्बे के मुख्य बाजार पहुंची जहाँ ब्राह्मण समाज के लोगों ने वाहन रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा वाहन रैली में शामिल लोगों को शर्बत, व ठण्डा पानी पिलाया। वाहन रैली का बालाजी कस्बे में अन्य समाज के लोगों ने भी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद उदयपुरा सभास्थल पर मंच के माध्यम से मौजूद अतिथियों ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला, वहीं आयोजन कमेटी ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया, इस दौरान राजा रावल मानवेन्द्र सिंह पूर्व सांसद मथुरा, राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा भारत मंच पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे वही राजपूत सभा महवा तहसील अध्यक्ष प्रयाग सिंह गोहड़ी, सिकराय अध्यक्ष बचन सिंह राजपूत, समाजसेवी बद्री सिंह राजावत, राजपूत सभा दौसा जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह हेमावास, राजपूत सभा दौसा उपाध्यक्ष भगवान सिंह चावंडेडा, राजेन्द्र सिंह कैलाई अध्यक्ष राजपूत सभा जामडोली, राजपूत सभा इकाई दोसा अध्यक्ष रामसिंह खोहरा, अलकेन्द्र सिंह करणी सेना महासचिव मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी मोनु सिंह राजावत वही आयोजन कार्यकारिणी की ओर से अजय सिंह पूर्व सरपंच उदयपुरा, पदम सिंह महेंद्र सिंह, राहुल सिंह, धनराज सिंह, विजय सिंह हिम्मत सिंह दीपक सिंह ओम सिंह बिशन सिंह बसंत सिंह मौजूद रहे।



जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र

जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।

जो दिखेगा वही बिकेगा

आज ही बुक करें विज्ञापन





आपके व्यापार की तरक्की
जागरूक जनता के साथ

विज्ञापन | क्लासीफाइड | डिस्प्ले | प्रॉपर्टी | वैवाहिक

विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070

राजस्थान एक्साइज डिपार्टमेंट ने 15 ज्यादा ब्रांड की तय की रेट लिस्ट

# राजस्थान में अब विदेशी शराब की कीमत तय, एमआरपी बढ़ाई

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में शराब पीने वाले शौकीन लोगों के लिए ये खबर जरूरी। आबकारी विभाग ने विदेश से इम्पोर्ट होकर भारत में आने वाली शराब की रेट्स निर्धारित की है। पिछले साल (अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक) विभाग ने इन शराब की रेट्स का निर्धारित नहीं की थी। इसके कारण ये गैरकानूनी तरीके से राजस्थान के ठेकों पर बिक रही थी, जो पास के राज्य उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा से मंगवाई जा रही थी। इस बार आबकारी विभाग ने जो रेट्स इन शराब की तय की है।



उसकी एमआरपी भी बढ़ाई है।

आबकारी सूत्रों के मुताबिक राजस्थान में पिछले साल विभाग की ओर से विदेशी शराब की रेट्स तय कर दी थी, लेकिन कंपनियों ने उसे मानने से मना कर दिया था। इस कारण अधिकांश दुकानों, बार और होटल में जो शराब बेची गई वह सब गैरकानूनी थी। इससे विभाग को करोड़ों रुपए के रेवेन्यू का नुकसान हुआ। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर समेत प्रदेश के तमाम बड़े होटल (3 सितारा या उससे ऊंची कैटेगिरी के) और बार में विदेशी शराब की बिक्री सबसे ज्यादा होती है। इसके अलावा होटलों में होने वाले आयोजन और पार्टी में भी अधिकांशतः विदेशी शराब ही दी जाती है।

### 150 करोड़ रुपए का मिलता है रेवेन्यू

सूत्रों के मुताबिक राजस्थान में एक साल में अलग-अलग ब्रांड की विदेशी शराब की 2 लाख से ज्यादा पेटियां बिकती है। एक पेटी पर अलग-अलग मद में सरकार को करीब 6 से लेकर 7 हजार रुपए का रेवेन्यू मिलता है। इस तरह एक साल में सरकार को करीब 150 करोड़ रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू विदेशी शराब से मिलता है।

### 15 से ज्यादा ब्रांड की रेट्स निर्धारित, एमआरपी भी बढ़ाई

राजस्थान में अभी तक देशी और भारत निर्मित अंग्रेजी और विदेशी शराब ही कानूनी रूप से बिकने के लिए अधिकृत थी। लेकिन अब विभाग ने 15 विदेशी शराब (जो बाहर से बनकर आती है) के ब्रांड की रेट्स तय कर दी है। इसमें 1600 रुपए से लेकर 12870 रुपए तक की शराब है। इन शराब की एमआरपी को सरकार ने अब 10 फीसदी तक बढ़ाया है। जो शराब एक साल पहले तक 2 हजार रुपए की आती थी वह अब 2200 से 2300 रुपए में आ रही है।

### जयपुर में 14 दुकानों की दोबारा होगी नीलामी

सरकार के बड़े रेवेन्यू सोर्स में से एक शराब की दुकानें इस बार अब तक पूरी नहीं उठी। जयपुर में 14 ऐसी दुकानें है जो 2 बार नीलामी करने के बाद भी नहीं उठी है। अब विभाग ने इन दुकानों की रिजर्व प्राइज को 25 फीसदी तक कम करके वापस नीलाम करने का फैसला किया है। दुकानें नहीं उठने के पीछे बड़ा कारण कॉम्पीटिशन है। क्योंकि इन दुकानों के आसपास खुली दुकानों के संचालक नीलामी में बड़ी बोली लगाकर नीलामी को रोक देते है और दुकान भी नहीं उठाते।

सांगानेर विधायक ने हाउसिंग कमिश्नर को पत्र देकर आवंटन निरस्त करने की मांग की

# बॉयज हॉस्टल के लिए जमीन आवंटन का विरोध

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जयपुर के प्रतापनगर सेक्टर 3 में अल्पसंख्यक बॉयज हॉस्टल के लिए आवंटित हुई जमीन का विरोध शुरू हो गया। सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी आज स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं के साथ हाउसिंग बोर्ड पहुंचे, जहां उन्होंने कमिश्नर पवन अरोड़ा को ज्ञापन सौंपकर जमीन का आवंटन निरस्त करने की मांग की। बोर्ड ने अल्पसंख्यक बॉयज हॉस्टल के लिए 5 हजार वर्गमीटर जमीन फ्री आवंटित की है।

विधायक लाहोटी ने बताया कि इस क्षेत्र और आस-पास के 99 प्रतिशत स्थानीय लोग इस आवंटन का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोगों का कहना है कि यहां आसपास हॉस्टल की कोई आवश्यकता नहीं है। इसके बावजूद यहां बिना आवश्यकता के हॉस्टल खोलने के लिए जमीन आवंटित कर दी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को हॉस्टल बनाना ही हैं तो रामगंज, करबला, ईदगाह, खो-नागोरियन और पुराने हज हाउस रामगंज के आस-पास बनाए, जहां इसकी आवश्यकता हैं।

लाहोटी ने बताया कि सांगानेर में इससे पूर्व में भी हज हाउस बनाने के लिए जमीन आवंटन की गई थी, जिसका स्थानीय निवासियों ने विरोध किया गया था और हज हाउस नहीं बनाने दिया। विधायक ने बताया कि प्रताप नगर हाउसिंग बोर्ड के पूरे क्षेत्र में युवाओं के खेलने के लिए कोई ग्रांउड नही हैं। अतः यह जगह युवाओं के खेलने के लिए स्टेडियम के लिए जमीन आवंटित की जाए। उन्होंने बताया कि प्रताप नगर में पहले एक स्टेडियम के लिए जमीन रिजर्व रखी थी, लेकिन उस पर आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल और कैंसर इंस्टीट्यूट का निर्माण कर दिया। अब जरूरत है कि यहां खेल मैदान के लिए जमीन आवंटित की जाए।



98 वर्षीया मथुरा देवी के घर पहुंचकर किया पेंशन का सत्यापन

# राहत : घर-आँगन तक पहुंच रही सरकारी मदद

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** संवेदनशील, जवाबदेह और पारदर्शी सुशासन का अनूठा और अनुकरणीय जीवन्त उदाहरण मंगलवार को जोधपुर जिले में देखने को मिला, जब प्रशासन ने नियति के अभिशाप से पीड़ित वृद्धा के घर पहुंच कर उसे लाभान्वित किया।बात है जोधपुर जिले के बालेसर दुर्गावता गांव की। इस गांव की 98 वर्षीय मथुरा देवी की, जो न केवल वयोवृद्ध अवस्था में दिन काट रही हैं बल्कि नेत्रहीन, बधिर, निस्सन्तान होने के साथ ही पति एवं परिवार से भी वंचित रहकर एकल नारी के रूप में किसी दूर के रिश्तेदार पर आश्रित होकर अपना बुढ़ापा काट रही हैं।

मथुरा देवी की पेंशन सत्यापन के अभाव में बंद हो गई थी। सत्यापन के लिए वृद्धावस्था एवं विकलांगता की वजह से वह कैंप तक आने में सक्षम नहीं थी। ऐसे में सत्यापन के लिए विकलांग एवं नेत्रहीन वृद्धा को घर से लाकर सत्यापन की कार्यवाही करना तक मुश्किल था।महंगाई राहत कैंप एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत बालेसर दुर्गावता गांव में शिविर लगा। शिविर प्रभारी मनोज खेमादा के ध्यान में जब यह बात आयी तो उन्होंने पालिका के अधिशासी अधिकारी सोमप्रकाश मिश्रा को निर्देश दिए जिसपर पहल करते हुए उन्होंने मथुरा देवी के घर पहुंचकर सत्यापन का रास्ता अपनाया।

इस पर नगर पालिका के तकनीकी सहायक राजेश चौधरी, पार्षद वीरम शर्मा एवम कंम्प्यूटर ऑपरेटर राहुल प्रजापत ने विकलांग नेत्रहीन वृद्धा के घर पहुंचकर महिला की पेंशन को सत्यापित किया। अधिशासी अधिकारी सोमप्रकाश मिश्रा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा के अनुरूप जनकल्याण के अनुष्ठान में जुटे इन कैंपों के संचालक, प्रभारी तथा सभी कार्मिक पूरे मनोयोग के साथ घर-आँगन तक राहत पहुंचा रहे हैं।

# रोहित गोपाल सूत जी महाराज द्वारा बद्रीनाथ धाम में भागवत कथा का वाचन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** रोहित गोपाल सूत् जी महाराज द्वारा हिमालय के बद्रीनाथ धाम में सात दिवसीय भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है चित्तौड़गढ़ के नगरी के पास में भिंड की महादेव के निकट बद्रीनाथ धाम का निर्माण चल रहा है यह निर्माण रोहित गोपाल सूत महाराज के सानिध्य में करवाया जा रहा है। रोहित गोपाल सूत जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा मेवाड़ व संपूर्ण भारत देश के कल्याण के लिए कथा का वाचन किया जा रहा है

मेवाड़ क्षेत्र एवं संपूर्ण भारत देश की मंगल कामना हेतु श्री श्री रोहित गोपाल सूत महाराज मेवाड़ धर्म प्रमुख चित्तौड़गढ़ धर्मानंद अधिकारी शंकराचार्यपीठ जोशीमठ द्वारा संपूर्ण भारत देश के भक्तजनो के साथ मिलकर



सार्वहिताए चैरिटेबल ट्रस्ट बाबा बंसी वाले ट्रस्ट मिलकर मुख्य यजमान संदीप शर्मा करनाल द्वारा हिमालय बद्रीनाथ मे सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन शंकराचार्य भगवान की पूजा अर्चना करके एवं बद्रीनाथ भगवान का दर्शन करके कथा शुभारंभ की गई।

# हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण अब 13को


**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** चित्तौड़गढ़ जिले से हज यात्रा-2023 पर जाने वाले चयनित हज आवेदकों का यात्रा प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम 11 मई के बजाय 13 मई, शनिवार को मेव समाज का नोहरा, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ में प्रातः 9:00 बजे रखा गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने बताया कि राजस्थान स्टेट हज कमेटी द्वारा उक्त कार्यक्रम तिथि में परिवर्तन किया गया हैं। ज्ञातव्य है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य सरकार से चयनित जिला चित्तौड़गढ़ के सभी हज आवेदकों को हज यात्रा प्रशिक्षण के साथ टीके लगाने का कार्य किया जाएगा। श्री सिद्ध ने सभी आवेदकों से आग्रह किया है कि वे टीकारण एवं प्रशिक्षण हेतु नियत तिथि एवं समय पर पासपोर्ट की फोटो प्रति, एक एक फोटो, नोमिनी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की सूचना सहित कार्यक्रम में अपनी उपस्थित सुनिश्चित करें। हज यात्रा प्रशिक्षण जिला हज ट्रेनर गुलाम हुसैन एवं टीम द्वारा दिया जाएगा।

ग्रामीणों में आक्रोश, आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की

# असामाजिक तत्वों ने डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ी, प्रशासन ने सही करवाई

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**रींगस।** थाना क्षेत्र के गांव लाखनी गांव में सोमवार की रात असामाजिक तत्वों ने गांव में लगी डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह जब स्थानीय ग्रामीणों ने प्रतिमा का एक हाथ छतिग्रस्त देखा तो वहां गांव लोगो की भारी भीड़ जमा हो गई, नाराज ग्रामीणों ने प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर तहसीलदार सुमन चौधरी, नायाब तहसीलदार झुंडाराम कुड़ी, डीवाईएसपी विजय सिंह, एसएचओ हिम्मत सिंह पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना पर एफएसएल टीम ने मौके पर पहुँचकर साक्ष्य जुटाए, एसएचओ हिम्मत सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्दी ही इस कृत्य के लिए जिम्मेदार आरोपियों का पता लगाकर उन्हें दंडित किया गया, मामले में



तहसीलदार सुमन चौधरी ने बताया कि घटनास्थल पर डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा को सही करवा दिया है। विधानसभा प्रत्याशी सुभाष मील खंडेला, सरपंच प्रतिनिधि जगदीश बाजिया, श्यामलाल मेघवाल, छगन सिंह, जगन सिंह, प्रहलाद वर्मा, जुगल सबल बावड़ी, संजू मूंडरू, पंकज पालीवाल, विकास, सुनील, मुकेश महावीर, गोपाल गुरावा सहित ग्रामवासियों ने आक्रोश व्याप्त करतें हुए आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

# भाटियों का खेड़ा, मायरा घाटा, बिलोदा, पाल का खेड़ा, ओछड़ी में सब सेंटर की स्वीकृति जारी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** चिकित्सा का आधारभूत ढांचा मजबूत करने में जुटी सरकार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत की अनुशंसा पर 2 करोड़ 5 लाख की लागत से चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र में 5 सब सेंटर की स्वीकृति जारी की शीघ्र निर्माण होगा। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत के अनुशंसा पर चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र में 5 सब सेंटर की स्वीकृति जारी प्रत्येक सब सेंटर पर होंगे कितने 41 लाख खर्च जिसमे भाटियों का खेड़ा, मायरा घाटा, बिलोदा, पाल का खेड़ा, ओछड़ी में बनेंगे सब सेंटर। राज्य सरकार जिले सहित प्रदेशभर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आधारभूत ढांचा मजबूत करने की दिशा में सरकार का विशेष फोकस है। सरकार न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में नए-नए चिकित्सा केन्द्र खोल रही है चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र में 5 सब सेंटर की वित्तीय स्वीकृति जारी होने पर ग्राम वासियों ने राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत का आभार जताया है।

सहकारी उपभोक्ता थोक भंडार संघ के चुनाव

# 10 में से 9 वार्डों में निर्विरोध निर्वाचन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** 14 वर्ष बाद सम्पन्न हुये सहकारी उपभोक्ता थोक भंडार संघ के चुनावों मे 12 में से 9 वार्डों में एक एक नामांकन आने व नाम वापसी समयावधि निकल जाने पर एससी व सामान्य वर्ग में फार्म उठाने के बाद भाजपा समर्पित दस सदस्यों सुरेश झंवर, दिनेश चतुर्वेदी, मीनू कंवर, ललिता वीरवाल, दिनेश कोदली, बोथलाल मीणा, दिनेश शर्मा, लालचन्द्र गुजर पांडोली, रमेश पुरोहित, कमलेश देवपुरा को निर्वाचित किया गया। भाजपा समर्पित सदस्यों के बहुमत से



चुने जाने पर सुरेश झंवर का निर्विरोध चैयरमेन बनना तय है। सुरेश झंवर पूर्व में भी दो बार चैयरमेन रह चुके हैं। भाजपा समर्थित सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचित होने पर समर्थकों ने सदस्यों को बधाई देकर मुंह मीठा कराया। चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने दूरभाष पर सुरेश झंवर एवं निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। इस दौरान दीनदयाल मंच के जिलाध्यक्ष नवीन पटवारी, नगर अध्यक्ष सुरेश बांगड़, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीलाल जणवा,मंच के जिला उपाध्यक्ष नाहर सिंह सोलंकी,मंच जिला संगठन मंत्री सुनील लढ्ढा, युवामंच महामंत्री गौतम कुमावत, प्रदीप पीपल आदि उपस्थित रहे।

ANCHOR स्थायी लोक अदालत का आदेश

# 49 हजार रूपये अदा करें एचडीएफसी बैंक

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी मुख्तियार अहमद अंसारी पिता नजीर अहमद निवासी मोमीन मोहल्ला बेगूं ने बैंक ऑफ बडौदा शाखा बेगूं में खाता संख्या-12278100003799 खुलवा रखा है तथा एक अन्य व्यक्ति मुख्तियार पिता हसन ने नवम्बर 2017 में फर्जी पासबुक जारी करवा कर एच.डी.एफ.सी. बैंक से मोटरसाईकिल एच.एफ. डिलक्स पर 37 हजार रूपये के ऋण के लिए आवेदन पर दिया तथा एच.डी.एफ.सी. बैंक ने उक्त व्यक्ति की जांच किये बिना ई.सी.एस. (मेन्डेट) फार्म जारी कर दिया उक्त मेन्डेफ फार्म पर प्रार्थी मुख्तियार अहमद पुत्र नजीर अहमद के उक्त बचत खाता संख्या अंकित कर दिये जिससे प्रार्थी के खाते से 05 दिसम्बर 2017 से प्रतिमाह 1984 रूपये कटना शुरू हो गये। जिस पर प्रार्थी मुख्तियार ने बैंक ऑफ बडौदा बेंगू से सम्पर्क किया कि मेरे खाते से किसी बात की कटौती की जा रही है तो बैंक ऑफ बडौदा ने बताया कि आपने एच.डी.एफ.सी. बैंक से मोटरसाईकिल पर ऋण ले रखा है प्रार्थी ने किसी भी बैंक से मोटरसाईकिल लोन नही ले रखा है आप मेरे खाते को बन्द कर देवे या फ्रिज कर देवे तो बैंक ऑफ बडौदा ने स्पष्ट रूप से मना कर दिया।

परिवादी ने अपने अधिवक्ता अबरार हुसैन अब्बासी के मार्फत बैंक ऑफ बडौदा बेंगूं, एच.डी.एफ.सी. बैंक बैंगूं के विरूद्ध स्थायी लोक अदालत चितौगडगढ में 22 (बी) विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 में परिवाद पेश किया। परिवादी अधिवक्ता ने न्यायालय में 19 दस्तावेजात पेश कर प्रदर्शित कराये तथा बैंक ऑफ बडौदा के अधिवक्ता ने न्यायालय मे तर्क दिया कि एच.डी.एफ.सी. बैंक की घोर लापरवाही से प्रार्थी के खाते से कटौती हुई है। दोनो पक्षों की बहस सुनने के पश्चात स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, सदस्यगण विमला सेठिया, शशि माथुर ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया कि एच.डी.एफ.सी. बैंक ने लापरवाही पूर्वक ऋणी मुख्तियार अहमद पुत्र हसन को मुख्तियार अहमद अंसारी पुत्र नजीर अहमद अंसारी के खाता संख्या-1278100003799 की पासबुक के आधार पर मोटरसाईकिल ऋण स्वीकृत किया है। इस बाबत किश्ते काटी है। यदि एच.डी.एफ.सी. बैंक द्वारा ऋणी मुख्तियार अहमद को मोटरसाईकिल का ऋण स्वीकृत करते समय दस्तावेजात मांगे जाते तो यह बात उसी समय सरलता से स्पष्ट हो जाती कि ऋणी के द्वारा पेश की गई पासबुक की प्रति उसके खाते की नही है। बल्कि प्रार्थी मुख्तियार अहमद अंसारी के खाते की है। एच.डी.एफ.सी. बैंक ने उक्त तथ्यों की अनदेखी करते हुए ऋणी को मोटरसाईकिल ऋण दिया जो लापरवाही का परिचायक है।

न्यायालय द्वारा एच.डी.एफ.सी. बैंक की लापरवाही मानते हुए प्रार्थी मुख्तियार अहमद अंसारी को उसके खाते से काटी गयी राशि 24 हजार 66 रूपये पर प्रार्थनापत्र प्रस्तुती दिनांक 21.01.2020 से अदायगी तक 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अदा करने, मानसिक संताप के 15 हजार रूपये, वकील मेहनताने के 5 हजार रूपये प्रार्थी को निर्णय दिनांक 05.05.2023 से दो माह के अन्दर अदा करे। दो माह में अदा नही करने पर वह सम्पूर्ण राशि पर 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अदा करेगा। बैंक ऑफ बडौदा के विरूद्ध प्रार्थनापत्र खारिज किया गया। प्रार्थी की ओर से पैरवी अधिवक्ता अबरार हुसैन अब्बासी ने की।

# 8 वार्डों में अब तक 46 अस्थाई कैम्पों का हुआ आयोजन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य संवेदनशील पारदर्शी और जबाव देह सरकार की प्रतिबद्धता को दोहरते हुये सरकार द्वारा जनहित में जन कल्याण की फ्लेगशिप योजनाओं को लाभ आमजन को देने हेतु मंहगाई राहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत पालिका क्षेत्र में मंगलवार तक आठ वार्डों में 46 अस्थाई कैम्पों का आयोजन किया जा चुका है। इसी प्रकार दो स्थाई कैम्प नगर पालिका पुराना भवन एवं जिला राजकीय अस्पताल में किया जा रहा है ।

नगर पालिका शहरी क्षेत्र में आज दिनांक तक 774 व्यक्तियों ने अपना पंजीकरण करवा कर मुख्यमंत्री गांरटी कार्ड प्राप्त किये जा चुके है। अधिशाषी अधिकारी सुरेशचन्द्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार तक रा.उ. प्रावि.




मयावाला बोदला बेरा, वार्ड नं. 08 में प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणीयों के 35 पट्टो का वित्तरण नगर पालिका अध्यक्षा समुदेवी सांखला के द्वारा आमजन को किया गया है। इस दौरान वार्ड पार्षद सुमित्रा कच्छावाह, जनप्रतिनिधी करणाराम कच्छावाह, गोबर सिंह कच्छावाह, कल्याण सिंह, राजस्व निरीक्षक अक्षय राजपुरोहित, वरिष्ठ सहायक विजय विश्नोई, राजीव गांधी युवा मित्र माधुसिंह कच्छावाह, सहायक कर्मचारी राजेन्द्र कुमार शर्मा, रमेश पारीक, शंकरराम जाखड़, रूपेश शर्मा, राकेश के अलावा गणमान्य नागरीक एवं जनप्रतिनिधी आदि उपस्थित थे। दिनांक 0.05.2023 को वार्ड सं. 09 के लिये मंहगाई राहत शिविर एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान के शिविर का आयोजन शांती बाल उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास आयोजित होगा।